**सुविचार**
जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
मिर्जापुर 3 को लेकर नई अपडेट आई ...

Ranchi ● Friday, 14 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 178 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

# झारखंड हाईकोर्ट ने रतन हाईट के नक्शे को किया रद्द
## कोर्ट ने एक महीने में गड्ढा भरने व जमीन को हैंडओवर करने का दिया निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के मोरहाबादी स्थित रतन हाईट्स रेसिडेंशियल सोसाइटी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने नगर आयुक्त द्वारा जारी नक्शे को रद्द करते हुए न्यायधिकरण के फैसले को पलट दिया। वहीं, कोर्ट ने एक महीने में गड्ढा भरने और जमीन को हैंडओवर करने का निर्देश दिया। साथ ही बिल्डर वीकेएस रियलिटी को कई निर्देश देते हुए निर्माण कार्य के दौरान बनाये गये बाउंड्री को भी तोड़ने का आदेश दिया गया।




हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेश शंकर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। रतन हाईट सोसाइटी वालों ने छह साल पहले पूरे मामले पर याचिका दाखिल की थी। जिसमें सोसाइटी से सटे वीकेएस रियलिटी द्वारा बहुमंजिले निर्माण से बिल्डिंग को खतरा बताया था। बिल्डिंग निर्माण के लिए खोदे गए 15 फीट के गढ़े में अबतक कई अप्रिय घटनाएं हो चुकी है। सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने 22 जून को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बता दें कि कोर्ट ने कहा रतन हाईट में 46 कट्ठा का कॉमन एरिया कॉमन ही रहेगा। कहा कि 86 कट्ठे का जो नक्शा पास हुआ था वो सही था। इसमें पहले से ही कॉमन एरिया डिसाइडेड था। इस कारण 46 कट्ठे को अलग कर संशोधित नक्शे को पास करना गलत था। इस कारण कोर्ट ने नगर आयुक्त द्वारा पास संशोधित नक्शे को पास किया है।

22 जून को सुनवाई के दौरान एडवोकेट जनरल राजीव रंजन ने साफ किया था कि बुटाला और परमार बंधुओं ने जो रिवाइज्ड नक्शा कोर्ट में पेश किया है, उसे कभी मंजूरी दी ही नहीं गयी। वहीं, कहा कि दोनों के खिलाफ विजिलेंस में केस चल रहा है। इसके बाद ही कोर्ट ने 13 जुलाई, 2019 को फैसला सुनाने की तारीख निर्धारित की थी।

इधर, इस फैसले के साथ सोसाइटी के लोगों के बीच खुशी की लहर है। सोसाइटी के अध्यक्ष प्रेरित बताते हैं कि छह साल लगे तब जाकर यह जीत हासिल हुई है। इस सोसाइटी में कुल 45 परिवार रहते हैं। जब से गड्ढा खोदा जा रहा था, तभी से लोगों के मन में डर बैठ गया था। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब जाकर सोसाइटी के लोग राहत महसूस कर रहे हैं।

वहीं, सोसाइटी के अन्य लोगों ने बताया कि गड्ढे की वजह से दुर्घटनाएं बढ़ गई थी। साथ ही बगल में गड्ढे खोदने से बिल्डिंग में दराने आनी शुरू हो गई थी। सोसाइटी के लोगों को किसी भी वक्त कोई अप्रिय घटना घटने की संभावना लगे रहती थी। यहां के निवासियों ने कहा कि आखिरकार एक लंबी लड़ाई के बाद सत्य की जीत हुई।

रतन हाईट्स रेसिडेंशियल सोसाइटी के महासचिव जयशंकर जयपुरियार के मुताबिक, वर्ष 2005 में 86 कट्ठा जमीन का एक नक्शा (1049/05) पास कराने का आवेदन दिया गया था। वर्ष 2009 में यह नक्शा पास हुआ। लेकिन, वर्ष 2009 में ही सड़क की जगह का अतिक्रमण करने संबंधी शिकायत दर्ज करायी गयी थी। साथ ही बताया गया था कि नक्शा (संख्या 1049/05) गलत है। इस पर बिल्डर समेत जमीन के मालिक को नोटिस जारी करते हुए नक्शा पेश करने को कहा गया था।

मालूम हो कि इस अपार्टमेंट के बगल में एक नये अपार्टमेंट के निर्माण को लेकर गड्ढे खोदने पर बगल के रतन हाईट बिल्डिंग में दरारें पड़नी शुरू हुई। इसको लेकर अपार्टमेंट के लोग झारखंड हाईकोर्ट और नगर आयुक्त से बगल में बन रहे भवन के नक्शे को रद्द करने और निर्माण पर रोक लगाने की मांग की थी।

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,622.24 |
| निफ्टी | : | 18,534.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,740 |
| चांदी | : | 76.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### उत्तराखंड : हरिद्वार रेलवे ट्रैक पर मलबा आने से कई ट्रेनें रद्द

**HARIDWAR :** भारी बारिश के कारण उत्तराखंड की तीर्थ नगरी हरिद्वार के भीमगोड़ा क्षेत्र में पहाड़ से सड़क पर मलबा आने से भीमगोड़ा से हर की पौड़ी का मार्ग बन्द कर दिया गया है। भीमगोड़ा हिल बाइपास में रेलवे ट्रैक पर पर भी मलबा आने से हरिद्वार, ऋषिकेश व देहरादून आने जाने वाली सभी ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। इससे रेलवे को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है, वहीं यात्रियों को भी भारी दिक्कत हो रही है। छोटे छोटे बच्चों के साथ हजारों लोग ट्रेनों की इंतजार में भटकते रहे। इस संबंध में हरिद्वार रेलवे निर्माण निरीक्षक अभिषेक शर्मा (आईओडब्ल्यू) ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार भारी बरसात होने के कारण भीमगोड़ा हिल बाईपास पर रेलवे ट्रैक पर मलबा आने से इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मचारियों द्वारा ट्रैक से मलबा हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है और जल्द ही इस रूट की ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जायेगा।

### आतंकी साजिश के मामले में NIA की पांच जगहों पर छापेमारी

**JAMMU :** आतंकवादी साजिश मामले में अपनी चल रही जांच के हिस्से के रूप में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आज पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के संगठनों और सहयोगियों के हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स के परिसरों पर एक और दौर की छापेमारी की। जम्मू-कश्मीर के शोपियां, अवंतीपोरा और पुलवामा जिलों में पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। जिन स्थानों की तलाशी ली गई उनमें द रेजिस्टेंस फ्रंट, यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर, मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद, जम्मू और कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स, कश्मीर टाइगर्स, पीएएएफ और अन्य जैसे नए बने संगठनों के समर्थकों और कैडरों के परिसर शामिल हैं।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने टीवी चैनल के सर्वे को बताया बेबुनियाद और फर्जी

**NEW DELHI :** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने समान नागरिक संहिता को लेकर एक टीवी चैनल के जरिए मुस्लिम महिलाओं के साथ किए गए सैंपल सर्वे को बेबुनियाद, फर्जी और गुमराह करने वाला बताया है। बोर्ड का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और हिंदुत्ववादी संगठनों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में हो रही बहस और सर्वे के जरिए यह जताने की कोशिश की जा रही है कि यूसीसी से सबसे ज्यादा प्रभावित मुसलमान ही होंगे। बोर्ड का कहना है कि ऐसा माहौल इसलिए पैदा किया जा रहा है ताकि समाज में हिंदू-मुस्लिम बंटवारा करके राजनीतिक लाभ उठाया जा सके। बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. कासिम रसूल इलियास ने कहा है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और यूसीसी की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष सुशील मोदी का बयान है कि नार्थ ईस्ट राज्यों के आदिवासियों और ईसाई समुदाय के लोगों को यूसीसी से छूट दी जा सकती है। उत्तराखंड राज्य का ड्राफ्ट मसौदा कुछ हद तक इसकी निशानदेही कर रहा है। उन्होंने कहा है कि एक बड़े न्यूज चैनल ने अपने एक सैंपल सर्वे के जरिए यह दावा किया है कि मुस्लिम महिलाओं की 67 प्रतिशत आबादी यूसीसी का समर्थन कर रही है।

# पटना में पुलिस लाठी चार्ज में भाजपा नेता की हुई मौत
## विधानसभा मार्च के दौरान पुलिस ने बरसायी लाठियां

**AGENCY PATNA :** बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति और चार्जशीटेड तेजस्वी यादव को बर्खास्त करने की मांग को लेकर बीजेपी ने आज पटना के गांधी मैदान से विधानसभा तक मार्च निकाला। मार्च के डाकबंगला पहुंचने से पहले ही पटना पुलिस ने मार्च को रोक दिया। इससे बीजेपी नेता आक्रोशित हो गए और विधान सभा तक जाने पर अड़ गए। पटना पुलिस ने इसके बाद उनको रोकने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज में कई बीजेपी नेता जख्मी हो गए। जबकि एक बीजेपी कार्यकर्ता की मौत होने की बात सामने आ रही है। जख्मी नेताओं को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इधर, पटना जिला प्रशासन की ओर से कहा गया कि जहानाबाद के एक व्यक्ति विजय सिंह छज्जू बाग में सड़क किनारे अचेतावस्था में पाए गए थे। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं है। उन्हें ढटउत्न में भर्ती कराया गया है। विस्तृत विवरण प्राप्त किया जा रहा है।

बीजेपी नेता की मौत पर पीएमसीएच अधीक्षक इंदूशेखर ठाकुर ने उनकी मौत की पुष्टि करते हुए कहा है कि हम विजय कुमार सिंह को नहीं बचा सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने के आधे घंटे के बाद उनकी मौत हो गई। मेरी टीम उनको बचाने का पूरा प्रयास किया। लेकिन हम लोग नहीं बचा सके। अधीक्षक इंदूशेखर ठाकुर के इस बयान के बाद अस्पताल परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा सख्त कर दी गयी है। पूरा पीएमसीएच पुलिस छाबनी में बदल दिया गया है।

**मोदी ने कहा पुलिस लाठीचार्ज में हुई मौत :** इधर बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी का दावा है कि बीजेपी के जहानाबाद के महामंत्री विजय कुमार सिंह की मौत प्रदर्शन के दौरान पुलिस के लाठी चार्ज के दौरान हुई है। मोदी ने दावा किया कि लाठी खाने के बाद वह रोड पर गिर गए, जिससे उनके माथे में चोट आई। रोड पर गिरने के बाद भी पुलिस उनपर लाठियां बरसाती रही। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें तारा नर्सिंग होम भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि बाद में पीएमसीएसच भेजा गया वहां भी डॉक्टरों ने उन्हें मृत ही बताया गया।

**सांसद और विधायक को भी पीटा :** विधान सभा मार्च के दौरान हुए लाठीचार्ज के दौरान बीजेपी के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और बिहार विधान सभा के नेता विपक्ष विजय कुमार सिन्हा भी जख्मी हुए हैं। बीजेपी नेताओं का कहना है कि जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को गंभीर रुप से जख्मी हो गए हैं। बीजेपी नेताओं का कहना है कि सिग्रीवाल के सिर में चोट आई है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व डिप्टी सीएम रेनू देवी और जीवेश मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**बिहार में तेज हुई सियासी हलचलें :** इस घटना के बाद बिहार में सियासी हलचलें तेज हो गई है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस घटना पर ट्वीट करते हुए नीतीश सरकार को घेरा है। नड्डा ने लिखा है कि बीजेपी कार्यकताओं पर पटना में हुआ लाठीचार्ज राज्य सरकार की विफलता और बौखलाहट का नतीजा है।

### फ्रांस में पीएम मोदी का जोरदार स्वागत

**DELHI :** प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी फ्रांस के साथ रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर पेरिस पहुंचे। पीएम मोदी का फ्रांस की पीएम एलिजाबेथ बोर्न ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया। पीएम नरेंद्र मोदी के पेरिस पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों में उत्साह दिखा। लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। फ्रांस की सड़कों पर भारत माता की जय और वंदेमातर के नारे भी लगाये गये। प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी से फ्रांस से मुलाकात के बाद भारतीय समुदाय के एक व्यक्ति ने कहा, मैं मोदी जी से तीसरी बार मिला हूं, बहुत अच्छा लगा मिलकर। मोदी जी जब-जब फ्रांस आते हैं मैं उनसे मिलता हूं। हमें बहुत अच्छा लगता है जब हमारे देश के प्रधानमंत्री यहां आते हैं और हमसे मुलाकात करते हैं। पीएम मोदी यात्रा के दौरान फ्रांस के साथ सामारिक, वैज्ञानिक, अकादमिक और आर्थिक सहयोग जैसे विविध क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग का रास्ता तलाशने पर भी चर्चा होगी। इसमें रक्षा, अंतरिक्ष, कारोबार एवं निवेश के क्षेत्र शामिल हैं। भारत से रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि उनकी यात्रा से द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलेगी। ट्वीट किया और लिखा, मैं राष्ट्रपति मैक्रों से मिलने और अगले 25 वर्षों में इस दीर्घकालिक और समय की कसौटी पर खरी उतरी साझेदारी को आगे ले जाने के लिए चर्चा करने को लेकर आशान्वित हूं।

# दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचा यमुना का पानी
## बाढ़ से बचाव को प्रशासन रेस, टीमें तैनात

**AGENCY NEW DELHI :** यमुना का पानी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के कारण गुरुवार को दिल्ली सचिवालय सहित शहर के कई प्रमुख इलाकों में पानी भर गया, जिससे सामान्य जनजीवन तथा यातायात प्रभावित हो गया। बाढ़ का पानी लाल किले तक पहुंच चुका है और मुख्यमंत्री आवास से केवल 250 मीटर दूर है। अधिकारियों को बचाव व राहत कार्यों को अंजाम देने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।



हरियाणा के द्वारा हथिनीकुंड बराज में पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर 208.53 मीटर तक पहुंच गया है। जिससे 45 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है। हालांकि राहत की बात है कि पिछले दो घंटों में यमुना नदी के जलस्तर में कोई बदलाव दर्ज नहीं किया गया। दोपहर एक और दो बजे जलस्तर 208.62 मीटर रिकार्ड किया गया, तीन बजे भी यही स्तर पाया गया।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नदी के पास के स्कूलों को बंद करने और जल शोधक संयंत्रों को बंद करने की घोषणा की है। केजरीवाल ने ट्वीट किया, दिल्ली के जिन इलाकों में पानी भर रहा है वहां पर सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद किए जा रहे हैं। शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने निचले इलाकों में सभी सरकारी तथा निजी स्कूलों को बंद करने के लिए एक परिपत्र भी जारी किया।दिल्ली में यमुना के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक दर्जन टीमों को तैनात कर दिया गया है। एनडीआरएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि मध्य, पूर्वी और उत्तरी पूर्वी दिल्ली में तीन-तीन टीमें तैनात की गई हैं, जबकि दक्षिण पूर्वी दिल्ली में दो और शाहदरा इलाके में एक टीम तैनात की गई है।

बाढ़ को देखते हुए मेट्रो की ब्लू लाइन पर यमुना बैंक स्टेशन पर यात्रियों का प्रवेश व निकास अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है और उसकी गति भी सीमित कर दी गई है। दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि यमुना बैंक स्टेशन की ओर आने वाली सड़क पर पहुंच भी अभी संभव नहीं है।

हर गुजरते घंटे के साथ स्थिति बिगड़ने के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया और पुलिस ने एहतियाती तौर पर राष्ट्रीय राजधानी के बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। इस धारा के तहत चार से अधिक लोगों के एक ही स्थान पर एकत्रित होने पर रोक होती है।

# रामगढ़ में 11 अपराधी गिरफ्तार, हथियार जब्त
## मांडु में पुलिस ने की कार्रवाई, बड़ी वारदात की साजिश नाकाम

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जिले की मांडू पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से देसी पिस्तौल, रिवाल्वर, देसी कट्टा, परंपरागत हथियार, गोलियां आदि बरामद किए गए हैं। इस बात की जानकारी गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी पियूष पांडे ने दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अपराधियों का गिरोह एक मारुति वैन में बैठकर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए निकला है। इसके बाद जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया गया। जांच के दौरान मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार के नेतृत्व में बनी टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर हजारीबाग की ओर जाने वाली रूट में एक मारुति ओमनी जेएच 02 आर 4996 को रोका। उस मारुति वैन में 11 अपराधी बैठे हुए थे।

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि जांच के दौरान अपराधियों के पास से मैगजीन सहित 4 देसी पिस्तौल, मैगजीन सहित एक रिवाल्वर, मैगजीन सहित एक देसी कट्टा, 12 जिंदा गोली, एक खाली मैगजीन, 1 मिसफायर गोली, दो पूजा ली और 11 मोबाइल मिले हैं। पुलिस ने मारुति वैन को भी जब्त कर लिया है।

गिरफ्तार अपराधियों में सभी 11 लोग हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं। इनमें टाटीझरिया थाना क्षेत्र के भराजो गांव निवासी किशोर कुमार उर्फ बिहारी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चानो सखिया गांव निवासी मुकेश कुमार, ओरिया गांव निवासी हिमांशु कुमार, राकेश साहू, कटकमदाग थाना क्षेत्र के बसई गांव निवासी बॉबी कुमार, बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव निवासी अजीत कुमार साहू, कुंदन कुमार, कोर्रा चौक निवासी सोनू कुमार उर्फ सैंडी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरवा बस्ती निवासी बलराम मुंडा, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मरहैता गांव निवासी तैयब अंसारी और कटकमसांडी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी विकास गुप्ता उर्फ शिवा शामिल हैं।

### महिला ने पति की कब्र को बचाने के लिए लगाई गुहार

**DUMKA :** जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र के दिग्घी गांव की प्रमिला मरांडी ने मुख्यमंत्री के एक आवेदन भेजकर पति के कब्र को बचाने के लिए गुहार लगाई है। प्रमिला ने कहा है कि दिग्घी गांव के सरकारी जमीन पर पिछले 50 वर्षो से अधिक समय से आदिवासी समाज के लोग मृत व्यक्तियों को दफना रहे हैं। उसके पति जेम्स होपना हांसदा का भी कब्र वहां है। कब्रिस्तान की जमीन को स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के लिए चिन्हित किया है और नापी आदि की प्रक्रिया शुरू किया गया है।

# बंगाल पंचायत चुनाव के नतीजे होंगे रद्द?
## कलकत्ता हाईकोर्ट हिंसा पर सख्त



**AGENCY KOLKATA :** पश्चिम बंगाल में मचे राजनीतिक घमासान के बीच पंचायत चुनाव के नतीजे भी आ गए हैं। नतीजों के हिसाब से टीएमसी की जीत हुई है। दूसरी ओर पंचायत चुनाव में हिंसा और धांधली की शिकायत पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने सख्त रवैया अख्तियार किया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि बंगाल पंचायत चुनाव के परिणाम हाईकोर्ट के अंतिम आदेश पर निर्भर करेंगे। संभावना जतायी जा रही है कि बंगाल चुनाव के नतीजे रद्द भी हो सकते हैं। यह संभावना इसलिए जताई जा रही है क्योंकि कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि नतीजे इस संबंध में दायर की गई याचिकाओं के फैसले पर निर्भर करेंगे।

बंगाल पंचायत चुनाव परिणाम की घोषणा पर सुनवाई करने वाली कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सरकार और केंद्र सरकार को इस चुनाव में धांधली के आरोप लगाने वाली तीन याचिकाओं पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**15 अगस्त 2003 को तत्कालीन पीएम वाजपेयी ने की थी चन्द्र मिशन की घोषणा**

# CHANDRAYAAN-3 के सफल लॉन्चिंग का बेसब्री से इंतजार, जानें इसरो का क्या है लक्ष्य

**PHOTON NEWS RANCHI :** वैज्ञानिक समुदाय शुक्रवार को भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के सफल लॉन्च का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इन वर्षों में चंद्र अभियान कैसे विकसित हुआ, इस बारे में संबंधित घटनाक्रम प्रस्तुत है। चंद्रयान कार्यक्रम की कल्पना भारत सरकार द्वारा की गई थी और औपचारिक रूप से 15 अगस्त 2003 को तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा इसकी घोषणा की गई थी। इसके बाद, वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत तब रंग लाई जब 22 अक्टूबर, 2008 को इसरो के विश्वसनीय पीएसएलवी-सी 11 रॉकेट के जरिए पहले मिशन चंद्रयान-1 का लॉन्च हुआ।

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के अनुसार,



पीएसएलवी-सी11, पीएसएलवी के मानक विन्यास का एक अपडेटेड वर्जन था। लॉन्च के समय 320 टन वजनी इस वाहन में उच्च उपकरण क्षमता प्राप्त करने के लिए बड़ी स्ट्रैप-ऑन मोटर्स का उपयोग किया गया था। इसमें भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन और बुल्गारिया में निर्मित 11 वैज्ञानिक उपकरण थे। तमिलनाडु से संबंध रखने वाले प्रसिद्ध वैज्ञानिक मयिलसामी अन्नादुरई ने चंद्रयान-1 मिशन के निदेशक के रूप में इस परियोजना का नेतृत्व किया था। अंतरिक्ष यान चंद्रमा के रासायनिक, खनिज विज्ञान और फोटो-भूगर्भिक मानचित्रण के लिए चंद्र सतह से 100 किमी की ऊंचाई पर चंद्रमा के चारों ओर परिक्रमा कर रहा था।

उपग्रह ने चंद्रमा के चारों ओर 3,400 से अधिक चक्कर लगाए, जो इसरो टीम की अपेक्षा से अधिक थे। मिशन अंततः समाप्त हुआ और अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिकों ने घोषणा की कि 29 अगस्त, 2009 को अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया।

BRIEF NEWS

### खूंटी में सनातन धर्मावलंबियों की बैठक

**KHUNTI:** पड़गांव स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बैठक विहिप के जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के 178 गांवों सनातन धर्मी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से सनातन धर्म के मठ और मंदिरों में हो रहे आक्रमण से निपटने को लेकर लोगों ने विचार व्यक्त किये। जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी ने कहा कि धर्म और मठ मंदिरों में हो रहे हमले को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम अपने हक, अधिकार और धर्म की रक्षा के लिए जागे हुए हैं। हम लोग चाहते हैं कि किसी भी समस्या का हल बातचीत और कानून के अधिकार में रहकर निकाला जाए। इसका मतलब यह नहीं कि हम कमजोर है या असंगठित है। जिला मंत्री ने कहा कि सावन की पहली सोमवारी को बिकुवादाग चांपी गांव स्थित दिवरी पतरा में एक विशेष समुदाय ने शिव भक्तों को जलाभिषेक करने से रोका, जिसकी बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में निंदा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि वहां वस्तुस्थिति की जानकारी को लेकर 15 जुलाई को बिकुवादाग चांपी के दिवरी पतरा में एक विशेष बैठक होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, नगेन्द्र सिंह, बिहारी सिंह, कुलेन्द्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, रामप्रताप देव, महानन्द सिंह, सूरज महतो, शंकर महतो, शिवकुमार केशरी, रवि मेहता, राजेश महतो, सुधीर सिंह, गौतम केशरी, लालचंद महतो, विक्रम महतो, प्रदीप महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी शेष नारायण ओझा का हुआ स्वागत



**RANCHI:** राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय सचिव शेष नारायण ओझा को प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। पदभार ग्रहण करते ही शेष नारायण ओझा द्वारा बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है. इस अवसर पर शेष नारायण ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवा कांग्रेस संगठन हर मोर्चे पर आगे बढ़ कर लड़ाई लड़ती है। देश में बढ़ती बेरोजगारी के आंकड़े को बताते हुए निरंकुश केंद्र सरकार को घेरा। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के रांची, देवघर, जामताड़ा, कोडरमा, रामगढ़ ,बोकारो, धनबाद, सरायकेला-खरसावां, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम , दुमका, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम जिला एवं लीगल सेल की समीक्षात्मक बैठक की एवं आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज, कुमार रोशन, जमील अख्तर, गौरव सिंह, माइकल मिंज, अनंत झा, रविंदर, कमलेश मौजूद थे।

### मोदी की मौजूदगी में एक मंच पर होगा अजीत और शरद का आमना सामना

**PUNE:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अगस्त को पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होंगे।उन्हे देश को शानदार नेतृत्व और देशवासियों में देशभक्ति के भाव जगाने को लेकर ?लोकमान्य तिलक की 103 वीं पुण्यतिथि पर तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट (हिंद स्वराज संघ) राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेगा।आयोजन न्यास के दीपक तिलक के अनुसार ?प्रधानमंत्री ने नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाई और भारत को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया। उनकी दृढ़ता और प्रयासों पर विचार करते हुए और उनके काम को रेखांकित करने के लिए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना है।आयोजकों ने इस समारोह के लिए एनसीपी प्रमुख शरद पवार को पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है ।

# PM केंद्रीय संचार ब्यूरो का कर रहे दुरुपयोग : राकेश सिन्हा

## सीबीसी पीएम उर्फ प्रचार मंत्री की धुन पर नाच रहा

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि मोदी सरकार संसद द्वारा मंत्रालयों को आवंटित धनराशि का 40 प्रतिशत हड़पकर सीबीसी को समृद्ध करना चाहती है। क्या यह वास्तव में बजट का दुरुपयोग नहीं है? कहा कि संसद भारत सरकार के सभी विभागों और मंत्रालयों के लिए बजट की स्वीकृति देती है. हर एक कार्यक्रम व योजना का एक अलग बजट हेड होता है. लेकिन 19 मई, 2023 को वित्त मंत्रालय ने एक ऐसा कदम



उठाया, जैसा पहले कभी नहीं हुआ। उसने आदेश दिया कि विभिन्न विभागों व मंत्रालयों में विज्ञापन और प्रचार के लिए संसद द्वारा स्वीकृत राशि का 40 प्रतिशत केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के नियंत्रण में रखा जाना चाहिए। सीबीसी सूचना एवं प्रसारण विभाग की एक इकाई है। राकेश सिन्हा ने कहा कि 2023-24 के लिए संसद द्वारा सीबीसी के लिए अनुमोदित बजट 200 करोड़ रुपए है. 19 मई, 2023 के वित्त मंत्रालय के आदेश के बाद से इस वर्ष के लिए सीबीसी का बजट बढ़ कर 750 करोड़ रुपए से अधिक हो जाएगा। स्पष्ट रूप से यह सीबीसी (सीबीआई और ईडी के साथ) 2024 के लिए मोदी सरकार के चुनाव अभियान में मुख्य भूमिका निभाएगा। सीबीसी सरकार का एक मुख्य अंग है, जो सिर्फ पीएम उर्फ प्रचार मंत्री की धुन पर नाच रहा है. लेकिन अब तक इस प्रचार मशीन के पास पर्याप्त धन नहीं था। यह निर्देश संसद के संवैधानिक दायित्वों का एक और उल्लंघन है। यह न केवल महत्वपूर्ण मंत्रालयों की विशेषज्ञता को नजरअंदाज करने वाला है, बल्कि यह संसद द्वारा पारित बजट के महत्व को भी कम करता है।

### केंद्र सरकार अनुदानों की बरसात कर रही, हेमंत ने उलट रखी बाल्टी

**RANCHI:** भाजपा ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें नीति आयोग के समक्ष उन्होंने केंद्र सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया था। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर राजनीतिक आरोप लगा रही है।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में लगातार वित्तीय अनुदानों की बारिश हो रही है लेकिन दुर्भाग्य है कि हेमंत सरकार ने बाल्टी उलट कर रखा है। ऐसे में लाभ न मिलना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि राज्य की स्थिति सुधारने के लिए संसाधन पर्याप्त हैं लेकिन इच्छाशक्ति का अभाव दिख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्य सरकार की ओर से प्रति लाभुक 50 हजार रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा हुई थी जिसका आज तक कुछ अता पता नहीं है।

# पुलिस वालों ने हत्या के इरादे से प्रहार किया : रवींद्र रंजन



**AGENCY PATANA:** भाजपा नेताओं व कार्यकताओं पर पुलिसिया कार्रवाई के दौरान भाजपा नेता रवींद्र रंजन ने गिरफ्तार किए जाते वक्त कहा कि राज्य की निरंकुश सरकार की पुलिस हत्या के इरादे से भाजपा कार्यकताओं पर प्रहार कर रही थी। पुलिस वाले सरकारी पार्टी के कार्यकर्ता की तरह कार्य कर थे। कार्यकताओं के जान लेने के ईरादे से प्रहार करने वाले पुलिस वालों की पचाचन कर उन पर अपराधिक कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस वालों का ऐसा अमानवीय चेहरा अंग्रेजी राज की याद दिला रहा है. माननीय उच्च न्यायालय को भी इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार जनता में विश्वास खो चुकी है यही कारण है सरकारी तंत्र का दुरुपयोग जनता हित के दमन के लिए हो रहा है. इस सरकार को भाजपा कार्यकताओं पर बरसाए एक्-एक ठाठी का हिसाब देना होगा।

# बाबूलाल 15 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष का प्रभार ग्रहण करेंगे



**PHOTON NEWS RANCHI:** फ्ल्लूँ : प्रदेश भाजपा का स्नेह मिलन समारोह 15 जुलाई को कार्निवल बैंक्वेट हॉल में होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रभार ग्रहण करेंगे। इन्हें निवर्तमान अध्यक्ष दीपक प्रकाश प्रभार ग्रहण कराएंगे। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी है।

### कांग्रेस कार्यालय खुलवाने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री से मिले जिलाध्यक्ष



**PHOTON NEWS DHANBAD:** लुबी सर्कुलर रोड स्थित बंद पड़े पुराना कांग्रेस कार्यालय खुलवाने को लेकर गुरुवार 13 जुलाई को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने रांची में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कार्यालय खुलवाने हेतु चरणबद्ध आंदोलन के तहत जिले में विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में धरना-प्रदर्शन किया गया। जब तक कांग्रेस कार्यालय खुल नहीं जाता है, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने गठबंधन सरकार से बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने में गंभीरतापूर्वक विचार करने की मांग की।

# विधायक दीपक बिरुवा ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**PHOTON NEWS CHAIBASA** जिले के सदर प्रखंड के टोन्टो गांव की कच्ची सड़क का निर्माण जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से होगा। योजना का शिलान्यास गुरुवार को विधायक दीपक बिरुवा ने किया। विधायक ने कहा कि वे यहां के नदी पर पुल निर्माण की भी अनुशंसा करेंगे। इससे टोन्टो पंचायत के साथ अमिता और डिलियामार्चा का सीधा संपर्क हो सकेगा। ग्रामीणों ने कहा कि बारिश में सड़क के कीचड़ से लथपथ हो जाने से पैदल चलना भी मुश्किल होता था। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया कि उनकी पहल पर गांव की कच्ची सड़क बन रही है। गांव की बड़ी समस्या विधायक ने दूर कर दी है। शिलान्यास कार्यक्रम में मुखिया सुनीता पूर्ति, मुंडा सुरेंद्र बानरा, उप प्रमुख प्रेम पूर्ति, तगड़ा बानरा, सुमी पूर्ति, बुधलाल बानरा सहित अन्य लोग शामिल थे। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत गांव टोन्टो में मंगल सिंह बानरा के घर से हरिचरण बानरा तक 1.126 किमी पीसीसी सड़क बनेगी।

### रघुवर दास ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

**RANCHI:** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में स्वीकृत जनहित की योजनाओं को जल्द पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है. पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव को भी भेजी है. श्री दास ने हेमंत सरकार पर उनके मुख्यमंत्रित्व काल की योजनाओं को नजरअंदाज करने पर अफसोस प्रकट करते हुए लिखा है कि सरकारें आती-जाती हैं, लेकिन राज्य में विकास की गाड़ी अनवरत चलती रहती है. यही विकास धर्म है. इसी में जनहित है.पूर्व सीएम रघुवर दास ने वर्तमान सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्रसीएम हेमंत सोरेन को लिखे पत्र में पूर्व सीएम रघुवर दास ने जिक्र किया कि उनके मुख्यमंत्रित्व काल में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने के लिए कई योजनाओं को धरातल पर लाने की हरसंभव कोशिश की गयी।

# बाबूलाल ने पटना में पुलिस की लाठीचार्ज की कड़ी भर्त्सना की



**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पटना में नीतीश सरकार के खिलाफ भाजपा के प्रदर्शन के दौरान पुलिस की लाठीचार्ज की कड़ी भर्त्सना की। लाठीचार्ज में घायल भाजपा नेता की मौत पर उन्होंने कहा कि जदयू-राजद की सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों की हत्या करने में विश्वास करती है। मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की समस्याओं को उठाने, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार सभी को है लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सत्ता मद में इतने चूर हैं कि उन्हें जनता की आवाज सुनाई नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि भाजपा की लोकप्रियता से घबराए ठगबंधन के लोग चाहे बिहार में हो या बंगाल में या फिर झारखंड में वे अपने खिलाफ उठ रही आवाज को सुनने की ताकत नहीं रखते। उनका आत्मबल कमजोर हो चुका है। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे होने के कारण उनमें तिलमिलाहट है, झल्लाहट है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को याद रखना चाहिए कि यही भाजपा कार्यकर्ताओं ने लालू-राबड़ी सरकार के खिलाफ संघर्ष करके आपको मुख्यमंत्री बनाया। आज वही भाजपा कार्यकर्ताओं ,जनप्रतिनिधियों पर आप लाठियां बरसा रहे, हत्या करवा रहे।

# सड़क पर सब्जी बेच कर युवा राजद ने महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**PHOTON NEWS RANCHI:** कमरतोड़ महंगाई से त्रस्त जनता की समस्याओं को लेकर युवा राष्ट्रीय जनता दल ने बुधवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक कर राजद नेता सड़क पर सब्जी बेचने लगे। वहीं सिलेंडर के साथ प्रदर्शन कर मोदी सरकार के खोखले व झूठे वादों की अर्थी निकली। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि 2014 से पहले नरेंद्र मोदी ने महंगाई कम करने, पेट्रोल-डीजल का दाम 50 रुपए लीटर करने, गैस सिलेंडर का दाम 400 रुपए करने, डॉलर को रुपया के बराबर करने, प्रत्येक वर्ष दो करोड़ रोजगार देने, विदेशों से काला धन लाने, 15-15 लाख रुपए सभी के अकाउंट में देने का वादा किया था, जो आज खोखला साबित हुआ है. किसानों की आय दोगुनी करना, हर गरीब को घर देना, 100 स्मार्ट सिटी बनाना, भ्रष्टाचार खत्म करना समेत कई बड़े-बड़े वादे कर केंद्र में सरकार बनी,



मगर मोदी सरकार ने नौ वर्ष में एक भी वादा पूरा नहीं किया है. किसान, महिला समेत हर वर्ग के जनता को धोखा देने का काम किया है।

**2024 के चुनाव में सबक सिखाएगी जनता**

रंजन ने कहा कि नौ साल में सिर्फ अडानी-अंबानी का विकास हुआ है. जनता धोखेबाज मोदी सरकार को 2024 में उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुकी है। राष्ट्रीय जनता दल आगे भी जनता की आवाज बनकर निरंकुश व तानाशाह मोदी सरकार के खिलाफ सिलसिलेवार आंदोलन करने का काम करता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल, राजद उपाध्यक्ष अनीता यादव, युवा राजद उपाध्यक्ष जफीर खान, उपाध्यक्ष रामकुमार यादव, चंद्रशेखर भगत, भास्कर वर्मा, अरशद अंसारी,अजय यादव, राजेश यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# हर महीने कोयले की रॉयल्टी राज्य को भेज देता है केंद्र : प्रह्लाद जोशी



**कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी पहुंचे धनबाद, कोयला खदानों में शहीद हुए मजदूरों को दी श्रद्धांजलि**

**PHOTON NEWS DHANBAD:** केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी गुरुवार 13 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे। दुगार्पुर एयरपोर्ट पर बीसीसीएल के अधिकारियों ने उनकी आगवानी की। इसके बाद एयरपोर्ट से उनका काफि ला सीधे धनबाद के कोयला भवन स्थिति बीसीसीएल मुख्यालय पहुंचा। जहां सीआईएसएफ जवानों नें उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कोयला मंत्री ने यहां शहीद वेदी पर कोयला खदानों में शहीद हुए मजदूरों व अधिकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद कोयला मंत्री ने आंगतुकों के लिए बने विश्रांतिका नामक कैफेटेरिया का उद्घाटन किया। साथ ही खदानों से निकलने वाले धूल कण से राहत देने के लिए फॉग कैनन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बात को बेबुनियाद करार दिया, जिसमें उन्होंने रांची में नीति आयोग की बैठक के बाद कहा था कि झारखंड के कोयले से देश रौशन है. देश का विकास हो रहा है, लेकिन रॉयल्टी का काफी पैसा झारखंड का केंद्र पर बकाया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र हर महीने राज्य को रॉयल्टी भेजता है।

## वन विभाग से वनों को ज्यादा नुकसान हो रहा है : सरयू राय

# पलामू टाइगर रिजर्व की स्थापना का उद्देश्य फेल : सरयू राय

**PHOTON NEWS PALAMU:** एक दिवसीय पलामू दौरे पर आए पूर्वी जमशेदपुर के विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय ने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) का 50वां स्थापना साल चल रहा है लेकिन जिस उद्देश्य से पीटीआर की स्थापना की गई थी, वह फेल हो गया है। वाइल्ड लाइफ वार्डन की भूमिका नहीं के बराबर रह गई है। वाइल्ड लाइफ एक्ट का कोई प्रावधान यहां लागू नहीं होता। बुरी हालत है और दुर्दशा के बीच जैसे-तैसे यहां काम हो रहा है। उन्होंने प्रजनन काल का हवाला



देकर तीन महीने के लिए पीटीआर के टूरिस्ट क्षेत्र में प्रवेश को हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा कि पीटीआर का दायरा 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला है लेकिन जिस क्षेत्र में टूरिस्ट आते जाते हैं, वह एरिया 54 वर्ग किलोमीटर का है। ऐसे में प्रजनन काल का हवाला देकर केवल 54 वर्ग किलोमीटर में प्रवेश रोकने का निर्णय मजाक की तरह है। बहुत पहले एक पत्र जारी हुआ था, उसी का हवाला देकर पार्क को बंद कर दिया जाता है। अन्य हिस्से में वाहन और लोगों का आना जाना लगा रहता है। विधायक सरयू राय ने कहा कि पहले खनन विभाग को वनों को नुकसान करने के लिए जिम्मेवार माना जाता था लेकिन यह गलत है। वन विभाग से वनों को ज्यादा नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि वनों को बचाने के लिए कम सौदा करने के लिए वन विभाग ज्यादा सक्रिय रहता है। सरयू राय ने यह भी कहा कि पीटीआर में सीआरपीएफ के कैंप ज्यादातर जंगलों में है और वहां के पदाधिकारियों और जवानों की बुरी नजर मजबूत और कीमती पेड़ों पर है। सीआरपीएफ इन पेड़ों की दुश्मन बन गयी है। सरयू राय ने बाघ एवं जंगलों को लेकर सरकार, वन विभाग और पीटीआर को सक्रियता से कार्य करने की सलाह दी है, ताकि 50 वर्ष पहले स्थापित इस टाइगर रिजर्व को पूर्व की तरह स्थापित किया जा सके।

# डीवीसी विस्थापितों का आंदोलन तीन महीने के लिए स्थगित

## नियत तिथि के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा आर पार

**PHOTON NEWS DHANBAD:** डीवीसी मैथन में पिछले 9 दिनों से दामोदर वैली वस्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले विस्थापितों का अनिश्चितकालीन धरना 13 जुलाई गुरुवार को शाम चार बजे से तीन महीने के लिए स्थगित हो गया। डीवीसी प्रबंधन के साथ कोलकाता में विस्थापित प्रतिनिधियों के साथ सफल वार्ता के बाद धरना समाप्त हो गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे समिति के महासचिव वासुदेव महतो ने कहा कि 12 जुलाई को कोलकाता मुख्यालय में डीवीसी प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि डीवीसी प्रबंधन ने मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने के लिए तीन महीने का समय मांगा



है. डीवीसी प्रबंधन के समक्ष शर्त रखी गई कि तीन माह के अंदर समस्या का समाधान निश्चित रूप से हो जाना चाहिए।

यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो फिर आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि डीवीसी प्रबंधन को अंतिम मौका दिया गया है. प्रबंधन ने समस्या का समाधान करने की बात कही है. यदि वे अपने वादे से मुकरते हैं तो निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। बता दें कि नियोजन एवं मुआवजा की मांग को लेकर 5 जुलाई से वास्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले विस्थापित आंदोलन कर रहे थे। 12 जुलाई को डीवीसी के कोलकाता मुख्यालय में वार्ता हुई, जिसमें डीवीसी की ओर से डीसी पांडे, दीपेंती जायसवाल और विस्थापितों की ओर से महासचिव वासुदेव महतो, सुरेंद्रनाथ मुर्मू सहित अन्य विस्थापित शामिल थे।

BRIEF NEWS

### मोस्टवांटेड 10 लाख का इनामी नक्सली नीरज खेरवार ने किया सरेंडर

RANCHI : एनआईए का मोस्टवांटेड नक्सली नीरज सिंह खेरवार उर्फ संजय खेरवार ने सरेंडर कर दिया है। पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र स्थित आबुन गांव निवासी नीरज सिंह खेरवार पिछले कई दिनों से पुलिस के संपर्क में था। भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर नीरज खेरवार पर झारखंड सरकार ने 10 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। फिलहाल नीरज खेरवार को गुप्त स्थान पर रखकर पुलिस की विशेष टीम उससे पूछताछ कर रही है। हालांकि नीरज खेरवार के सरेंडर किये जाने की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नही हो पाई है। बता दें कि झारखंड पुलिस के अलावा एनआईए ने भी नीरज खेरवार समेत कई अन्य नक्सलियों को मोस्ट वांटेड घोषित किया था। नीरज खेरवार पर चार लाख रुपए का इनाम रखा गया था। नीरज सिंह खेरवार के खिलाफ लातेहार जिले के चंदवा में चार वर्ष पूर्व हुए चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में एनआईए ने भी केस दर्ज किया था। चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले की जांच कर रही एनआईए ने नीरज खेरवार सहित कई नक्सलियों को फरार घोषित करते हुए इनाम की राशि की घोषणा की थी।

### रांची के बिरसा जेल में बंद कैदी ने खुद का गला रेता, हालत गंभीर

RANCHI : बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद एक कैदी ने गुरुवार को गला रेतकर आत्महत्या करने की कोशिश की। आनन-फानन में जेल प्रशासन ने जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे रिम्स भेज दिया। उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। जेल अधीक्षक हामिद अख्तर के मुताबिक, जेल में बंद अन्य कैदियों ने बताया कि कैदी जवाहर लाल बुधवार रात से ही बेचैन था। गुरुवार की सुबह जेल परिसर में कैदियों का बाल-दाढ़ी बनाया जा रहा था। इस बीच जवाहर ने नाई के उस्तरा से खुद का गला रेत लिया। जवाहर लाल बानरा उर्फ करण को अरगोड़ा थाना पुलिस ने नौ जुलाई को ब्राउन शुगर बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल में वह 12 डी वार्ड में बंद था।

### स्कूली बच्चों ने पौधरोपण का लिया संकल्प

RANCHI : कांके रोड स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में गुरुवार को मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच रांची नगर निगम ने 200 पौधों का वितरण किया। साथ ही विद्यार्थियों को पौधरोपण करने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण और उर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा। तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. डॉ राजेश कुमार, संपत्ति देवी, स्कूल के प्राचार्या डॉ सुषमा तिवारी, श्याम देव प्रसाद सिंह, सुभाष मिश्रा, अमलेंदु गोराई, मालती कच्छप, सुजीता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


# डुमरी उपचुनाव से पहले CM हेमंत ने 17097.82 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

PHOTON NEWS RANCHI : डुमरी में उपचुनाव की घोषणा से पहले ही हेमंत सोरेन ने मास्टर स्ट्रोक चल दिया है। चुनाव की तारीख का एलान होने से पहले ही सीएम ने विकास की झोली खोल दी है। डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह में मौजूद बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में आयोजित समारोह के दौरान उन्होंने 17097.82 लाख की अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर यह जता दिया है कि डुमरी सीट उनके लिए कितनी एहमियत रखती है। मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच 5,636.94 लाख की परिसंपत्ति का वितरण कर चुनावी पारा और बढ़ा दिया है।

अपने संबोधन के जरिये उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार जनता के साथ खड़ी है। मौके पर उन्होंने सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम जैसी योजनाओं का जिक्र किया। साथ ही निजी क्षेत्रों में स्थानीय को 75 प्रतिशत आरक्षण के लिए उठाये गये कदम के बारे में भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दो वर्षों तक कोरोना से संघर्ष के बाद पिछले एक-डेढ़ साल में जो काम किये गये हैं, उसका अनुभव आप सभी कर रहे होंगे। उन्होंने कहा कि जगरनाथ महतो को अमर रखने का जिम्मा आप पर है। उन्होंने कहा कि जगरनाथ दा को बचाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी लेकिन वे जनता के बीच जाये बगैर नहीं रह सकते थे।


लाभुक के बीच परिसंपति का वितरण करते सीएम हेमंत सोरेन। ● फोटोन न्यूज

## जगरनाथ बाबू के अधूरे काम को पूरा करेंगेः बेबी देवी

मौके पर मंत्री बेबी देवी ने कहा कि स्व. जगरनाथ महतो शिक्षा मंत्री रहते नावाडीह प्रखंड को शिक्षा का केंद्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे थे। उनके प्रयास से यहां मॉडल डिग्री कॉलेज निर्माण को स्वीकृति मिली। उनके हर अधूरे सपने को जनता के आशीर्वाद से पूरा किया जायेगा। शीघ्र ही केशधरी के समीप प्रस्तावित आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा।

## 1932 की पैरवी के साथ भाजपा-आजसू पर निशाना

अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता के मसले को भी उठाया। उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान के आधार पर कानून बनाया लेकिन आजसू और बीजेपी के लोगों ने कोर्ट में जाकर अड़चन डाल दिया। उन्होंने 60-40 नाय चलतो वाले नारे का जिक्र किए बगैर कहा कि एक नया नारा देकर लोगों को भड़काया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 1932 हमारा मुद्दा था और मुद्दा रहेगा। हम हारे नहीं हैं बल्कि लंबी छलांग के लिए दो कदम पीछे आये हैं। उन्होंने कहा कि इन खुराफातियों ने 20 वर्षों तक राज्य के विकास की गति को रोके रखा।

# रांची की 13 हजार स्ट्रीट लाइटें खराब, मरम्मत के नाम पर हर साल 1.25 करोड़ होते हैं खर्च

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी के विभिन्न मोहल्लों और सड़कों पर लगीं लगभग 13 हजार स्ट्रीट लाइटें देखरेख के अभाव में जल नहीं रही हैं। इस कारण सड़कों पर व मोहल्ले में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। अंधेरे में सड़क के गड्ढे और नाली दिखायी नहीं देते हैं। इस कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं, लोगों का कहना है कि नगर निगम के कंट्रोल रूम और विद्युत शाखा में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी लाइटों की मरम्मत नहीं की जाती है। ज्ञात हो कि सड़क किनारे बिजली के खंभों पर 55 हजार स्ट्रीट लाइटें लगायी गयी हैं।

**लाइट की मरम्मत को लेकर इइएसएल गंभीर नहीं :** राजधानी की सड़कों पर लाइट लगाने और इसकी मरम्मत करने का काम इइएसएल को सौंपा गया है। मरम्मत करने के लिए हर साल कंपनी को निगम 1.25 करोड़ रुपये का भुगतान करता है। लेकिन, लाइट की मरम्मत को लेकर इइएसएल गंभीर नहीं है। निगम बोर्ड से भी इइएसएल को



खराब कार्यशैली के कारण दो बार हटाने का प्रस्ताव पास हुआ। इसमें पार्षदों ने कहा कि इइएसएल की कार्यशैली सही नहीं है। लेकिन, फिर भी कंपनी काम कर रही है।

**शोभा की वस्तु बन कर रह गयीं रोप लाइटें :** जी-20 समिट के दौरान नगर निगम की ओर से एयरपोर्ट से हरमू रोड होते हुए कांके रोड में हिंदुस्तानी ढाबा व अरगोड़ा चौक से होटल रेडिशन ब्लू तक रंग-बिरंगी रोप लाइटें लगायी गयी थीं। लेकिन, अतिथियों के जाने के बाद ही इन लाइटों को निगम ने जलाना बंद कर दिया है। नतीजा सड़कों पर करोड़ों खर्च कर लगायी गयीं ये लाइटें महज शोभा की वस्तु बन कर रह गयी हैं।

**खराब लाइट के लिए यहां करें शिकायत :** अगर आपके मोहल्ले में भी लाइट खराब है, तो इसकी शिकायत कंपनी के हेल्पलाइन नंबर 18001803580, 7257000145 और 7488259803 पर कर सकते हैं। इस दौरान आपसे मोहल्ला, लोकेशन आदि की जानकारी ली जायेगी। फिर शिकायत दर्ज होने के बाद खराब लाइट की मरम्मत की जायेगी।

**इन सड़कों पर वर्षों से पसरा है अंधेरा :** शहर की कई प्रमुख सड़कों पर शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। यह समस्या वर्षों से है। खेलगांव बाबा चौक से लेकर होटवार जेल तक की सड़क पर एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है। इसके अलावा कांटाटोली से सिरमटोली चौक, बहू बाजार से कर्बला चौक रोड, ओवरब्रिज, रातू रोड, कांके रोड, बरियातू रोड, बूटी मोड़ से जुमार पुल तक, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थड़पखना, गंगा नगर, विद्यानगर, अलबर्ट कंपाउंड, लोअर चुटिया, केतारी बागान, मकचुंद टोली, डोरंडा, हिनू बड़ा पुल, साकेत नगर, शुक्ला कॉलोनी, एचइसी साइट फाइव, हटिया, धुर्वा, बांधगाड़ी, खेलगांव, दीपाटोली, बड़गाई आदि इलाकों में अधिकतर खंभों की लाइट जलती ही नहीं है।

बरसात के दिनों में लाइट ज्यादा खराब होती है। इसलिए थोड़ी समस्या है। लेकिन, हमने इस समस्या को दूर करने के लिए इइएसएल कंपनी को मैनपावर बढ़ाने का निर्देश दिया है। ताकि, लोगों को अंधेरे में नहीं रहना पड़े।

# सैनिक मार्केट में अल्बर्ट एक्का की पत्नी को मिली दुकान वापस लेने की तैयारी

PHOTON NEWS RANCHI : सैनिक मार्केट में परमवीर अलबर्ट एक्का की पत्नी बलमदीना एक्का के नाम से दुकान आवंटित है, जिसे वापस लेने के लिए सैनिक कल्याण निदेशालय ने सरकार को पत्र लिखा है। वर्तमान में उक्त दुकान बंद रहती है। जानकारी के अनुसार, अगस्त 1991 में परमवीर अलबर्ट एक्का की पत्नी को 200 स्क्वायर फीट की दुकान बतौर गिफ्ट आवंटित की गयी थी। कुछ दिनों तक चलने के बाद दुकान 65 स्क्वायर फीट में तब्दील हो गयी।

बाद में इसका किराया तय कर उस पर ब्याज भी जोड़ा जाने लगा। सैनिक मार्केट में 135 दुकानें हैं, जिनमें 101 आम लोगों के लिए हैं। इनमें सिर्फ 34 दुकानें पूर्व सैनिकों के नाम से आवंटित हैं। सैनिक मार्केट में अगस्त 1991 में मार्केट तैयार होने के बाद दुकानों का आवंटन शुरू हुआ था।

### 30 साल की लीज खत्म हुई, इसलिए मिली नोटिस

निदेशालय के सहायक निदेशक एसपी गुप्ता ने बताया कि 34 दुकानें भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के लिए हैं। लेकिन कई भूतपूर्व सैनिकों ने अपनी दुकान को किराये पर दे दिया है, नाम उनका है, पर दुकान कोई और चला रहा है। 30 साल की लीज पर दुकान दी गयी थी, जो अब पूरी हो गयी है। अब इनमें नये भूतपूर्व सैनिकों का पुनर्वास किया जायेगा। यह दुकान सैनिकों के बेटों और पोतों के लिए नहीं दी गयी है।

इसी कड़ी में बलमदीना के निधन के बाद परमवीर अलबर्ट एक्का की भी दुकान वापस लेने के लिए लिखा गया है। 28 पूर्व सैनिकों को दुकान छोड़ने को लेकर नोटिस दी गयी है। इधर नोटिस मिलने से कई पूर्व सैनिक नाराज हैं।

### दीपक प्रकाश को आवंटित दुकान में चलती है आजाद फामेर्सी

वर्ष 1991 में मार्केट तैयार होने पर कुछ पूर्व सैनिक व कुछ साधारण लोगों को दुकानें दी गयी। साधारण लोगों में दीपक प्रकाश (अब राज्यसभा सांसद) को उस समय दुकान दी गयी थी। उसमें दीपक प्रकाश की स्टाइल एंड स्टाइल रेडीमेड दुकान थी। वर्तमान में उस दुकान व एक और दुकान को मिलाकर आजाद फार्मेसी चलती है। वर्तमान में तेज कंप्यूटर, सोनाली लेदर्स सहित लगभग 2000 स्क्वायर फीट की कुछ ही बड़ी दुकानें हैं।

### हर माह 2,25 लाख तथा सालाना 27 लाख आता है दुकानों से किराया

135 दुकानों में वर्तमान में कई दुकानें बंद हैं और बड़ी व छोटी दुकानों को मिलाकर वर्तमान में 50 हजार स्क्वायर फीट की दुकानें चालू हैं। साढ़े चार रुपये स्क्वायर फीट किराया के हिसाब से हर माह 2,25,000 रुपये तथा सालाना 27 लाख रुपये दुकानों से किराया आता है। यह राशि भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण में लगायी जाती है।

# रांची में दो बदमाश गिरफ्तार, गोली बरामद


गिरफ्तार बदमाश और जानकारी देती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : चान्हो थाना पुलिस ने हथियार की खरीद-बिक्री करने के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में अभिषेक शर्मा और आकाश कुमार गुप्ता शामिल हैं। इनके पास से 7.65 एमएम की 16 गोली बरामद हुई है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चान्हो थाना क्षेत्र के तरंगा मोड़ के पास दो व्यक्ति हथियारों की खरीद-बिक्री करने के लिए आये है। थाना प्रभारी रंजय कुमार की टीम ने छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र में अवैध हथियार डेविड संगा के पास है। उसे भी कर्रा पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। डेविड के पास से एक पिस्टल बरामद किया गया। इस संबंध में कर्रा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विधासभा अध्यक्ष से मिला JSSU का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन (जेएसएसयू) का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो से मिला। साथ ही 10 से 25 मई तक सांसद-विधायक समर्थन प्राप्त अभियान के 60-40 नाय चलतो का प्राप्त बहुमत दस्तावेज को राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से सौंपा।

जेएसएसयू प्रमुख दवेन्द्र नाथ महतो ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आज अपने लिखित आवेदन के साथ 60-40 नाय चलतो के कुल 72 विधायकों का समर्थन बहुमत दस्तावेज राज्यपाल और स्पीकर को सौंपा गया। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान नियोजन नीति पर हो रही अनियमितता को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।


राज्यपाल को ज्ञापन सौंपता जेएसएसयू का प्रतिनिधिमंडल। ● फोटोन न्यूज

राज्यपाल ने राज्य में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के नियुक्ति विज्ञापन में झारखंड का निवासी नहीं होने की बात को गंभीरता से लेते हुए अन्य राज्यों का नियोजन नीति देखने के बाद झारखंड के नियोजन नीति में भी सुधार तथा मुख्यमंत्री के संज्ञान में देने का सकारात्मक आश्वासन दिया। स्पीकर ने इसी मानसून सत्र में राज्य सरकार को संज्ञान में देने का भरोसा दिलाया।

प्रतिनिधिमंडल में प्रियंका एक्का, मोईजुद्दीन अंसारी, लकी रामू, योगेश भारती, रविंद्र कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## रांची उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरुकता रथ को किया रवाना

# अच्छी शिक्षा के लिए JHARKHAND की बेटियों को मिलेगी 40 हजार की सहायता राशि

PHOTON NEWS RANCHI : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरुकता रथ के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में बाल विवाह, दहेज प्रथा को समाप्त करने और किशोरियों, बालिकाओं के उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत कक्षा आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं में पढ़ने वाली किशोरियों एवं 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर किशोरियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। शेष बचे किशोरियों को लाभान्वित करने के लिए विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं।



हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को रवाना करते उपायुक्त। ● फोटोन न्यूज

उपायुक्त ने बताया कि जिले में 55 हजार से अधिक किशोरियों को योजनाओं से जोड़कर लाभ प्रदान करना लक्ष्य है। साथ ही 18 से 19 वर्ष की ऐसी किशोरियां जो स्कूल से ड्रॉपआउट हो चुकी हैं उनको चिन्हित कर आवेदन लिए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि जागरुकता रथ के जरिये पंचायतों में भ्रमण कर योजना के तहत मिलने वाले लाभ, योजना की पात्रता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक किया जायेगा।

उपायुक्त ने बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अच्छी शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को 40 हजार रुपये की सहायता राशि मिलेगी। योजना के तहत कक्षा 8वीं में 2500, कक्षा 9वीं में 2500, 10वीं में 5000, कक्षा 11वीं में 5000, कक्षा 12वीं में 5000, 18 से 19 वर्ष की किशोरी को एक मुश्त 20 हजार रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी।

# मनी लॉन्ड्रिंग : सीए का सहयोगी हरीश ईडी के चार दिनों की रिमांड पर

PHOTON NEWS RANCHI : टेंडर मैनेज कर अकूत संपत्ति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को गुरुवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया।

पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट से यह आग्रह किया कि हरीश यादव को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी जाए। कोर्ट ने ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार की बहस सुनने के बाद चार दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी।

उल्लेखनीय है कि टेंडर कमिशन मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को ईडी ने बीते 24 जून को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे। वीरेंद्र राम की काली कमाई खपाने में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे। ये तीनों ने उसकी काली कमाई खपाने में उसका सहयोग करते थे।

BRIEF NEWS

## मारपीट की घटना में चार लोग घायल

**BARKTHA:** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में हुई मारपीट की घटना में चार लोग घायल हो गए। ग्राम लेवडा जमुआ में बुधवार 12 जुलाई की शाम को हुई मारपीट की घटना में ग्राम लेवडा निवासी जमीला खातून 48 वर्ष पति मो शमीम अंसारी, उनके पुत्र अब्दुल वारिश 24 वर्ष, पुत्रवधु तरन्नुम खातून 22 वर्ष तथा शमरून निशा 15 वर्ष पिता मो सलीम अंसारी घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिए बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया।

## बड़कागांव खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति चिरूडीह की बैठक संपन्न

**BADHAKAGAW:** बड़कागांव खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति चिरुडीह का आज ग्राम लंगातू नर्सरी में सभी सदस्यों का एक बैठक किया गया । इस बैठक की अध्यक्षता गणेश गंझू पूर्व अध्यक्ष, तथा संचालन रंजीत महतो ने किया । बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रभावित एवं विस्थापित क्षेत्र के लोगों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने पर तथा मोबिलाइजर को स्थाई करने पर चर्चा किया गया ।अध्यक्ष गोविंद महतो ने कहा कि हमारा समिति का झारखंड सरकार के द्वारा निबंधित है । और हमसभी संगठित है । जो 22 जुलाई को इसी नर्सरी में सभी सदस्यों के साथ बैठक किया जाएगा । और आगे का रणनीति तैयार किया जाएगा । गणेश गंझू ने कहा की हमें जो अधिकार और हक मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है । इस पर हम सभी लोग एक सूत्र में बंध कर मांग को रखेंगे । बैठक में गणेश गंझू ,गोविंद महतो ,नरेश भोगता, कृष्णा राम पंसस,प्रमोद महतो, उपेंद्र कुमार ,टिकेश्वर प्रसाद ,वीरेंद्र ओझा ,अर्जुन महतो, कुमार दिवाकर, मो मनीर,तुलेश्वर महतो ,रंजीत महतो ,दिलीप राम ,मिथिलेश प्रजापति ,मो सत्तार, मो तय्यब अली ,पूरन महतो,संतोष सिन्हा ,सुबोध गिरी, अर्जुन तिवारी,रामप्रवेश ठाकुर,लक्ष्मण राम,अजीत मिश्रा, बालेश्वर साव,किशोर कुमार,सुनील कुमार,विकास महतो,दिलीप साव, अमरजीत रविदास व अन्य लोग उपस्थित थे।

## हाथी ने सीकरी में चार घर को किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीण दहशत में

**BADHAKAGAW:** हाथियों के समूह से बिछडा सिंगल हाथी पिछले तीन-चार दिनों से बड़कागांव वन प्रक्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में विचरण करते कई घरों को छतिग्रस्त करके नुकसान पहुंचाया है। वहीं बुधवार रात्रि को सीकरी जंगल के आसपास के चार घरों को छतिग्रस्त करके ध्वस्त किया तथा घर में रखें समान को चट कर गया। तथा वहीं आसपास के फसलों को नुक्सान पहुंचाया है। बतातें चलें कि सिकरी निवासी विनोद महतो, दिलीप कुमार,गुडक महतो, रोहणी देवी, गणेश महतो का कच्चा तथा अल्बेस्टर सीट घर को क्षतिग्रस्त करके नुकसान पहुंचाया है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा पीड़ित परिवार को फसल व घर का प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। सीकरी गांव के शियागढहा में हाथी के द्वारा नुकसान पहुंचाने को लेकर बड़कागांव वनपाल संतु कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वन विभाग के क्षतिग्रस्त घरों को मुआयना कर लिया गया है पीड़ित परिवार बड़कागांव अंचल कार्यालय में आवेदन करेंगे। अंचल कार्यालय से सत्यापन करने के बाद वन विभाग के द्वारा पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। श्री कुमार ने आगे ग्रामीणों से आग्रह किया कि हाथी से दूरी बनाएं बिना वजह हाथी को छेड़छाड़ ना करें तथा रात में बिना टॉर्च रोशनी अकेले घर से बाहर अंधेरे में ना निकले। वन विभाग के द्वारा हाथी भगाने के लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है वन विभाग के द्वारा स्थानीय लोगों को हाथी भगाने के लिए मशाल फटाका व मिट्टी तेल इत्यादि उपलब्ध कराया जा रहा है एक-दो दिन के अंदर टंडवा जंगल की ओर भगाने का काम किया जाएगा।

# DC ने किया जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण

### सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से लगे अग्निशमन यंत्र की फायर ऑडिट कराने की आवश्यकता जताई

**PHOTON NEWS HAZARIBAG:** उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को समाहरणालय भवन अवस्थित जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंनें स्टाक पंजी, स्टांप पंजी,ओपनिंग व क्लोजिंग रजिस्टर,अग्निशमन यंत्र, वज्रगृह सुरक्षा गार्ड एवं बज्रगृह के सुरक्षा के सुदृढ़ीकरण से संबंधित भवन प्रमंडल द्वारा निर्गत प्रमाण पत्रों इत्यादि की गहनता से जांच की।

**निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी के अधिष्ठापन की आवश्यकता जताई**

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त कोषागार पदाधिकारी उज्ज्वल चौरसिया के कक्ष में पहुंच कर महत्त्वपूर्ण फाइलों की जांच की। उन्होंनें बिल आदि के भुगतान संबंधी संचिका,आउटसोर्सिंग वेतन भुगतान संबंधी फाइल, स्टॉक रजिस्टर, सर्विस बुक, कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी आदि का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंनें कहा की कोषागार में संचिका,विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्र एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे जाते हैं। इस बाबत उन्होंने समय समय पर सभी सुरक्षात्मत अवयवो यथा फायर सेफ्टी,सुरक्षा गार्ड आदि को चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही। उन्होंने कहा की स्ट्रांग रूम में लगे फायर सेफ्टी यंत्र की क्रियाशीलता को लेकर फायर ऑडिट कराने सहित फायर यंत्र के संचालन के लिए सुरक्षा प्रहरियों को पूर्ण प्रशिक्षण दिलाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अप्रचलित स्टाम्प,पुराने रिकार्ड एवं अन्य खराब पड़े सामग्रियों का प्रबंधन करने के लिए विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर कोषागार कार्यालय में आठ प्रशिक्षणरत अकाउंट असिटेंट एवं चार डॉक्टर को उपायुक्त ने शुभकामना देते हुए हुए कहा कि कोषागार विभाग एक महत्त्वपूर्ण विभाग है, आपको इस ईकाई में अपने वरीय अधिकारीयों से बेहतर कार्य प्रबंधन सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय मामलो में गलतियों की संभावना नगण्य होती है इसलिए गंभीर एवं संवेदनशील होकर कार्य सीखने को आवश्यकता है। उपायुक्त ने पोस्ट रिटायरमेंट बेनिफिट्स,पेंशन आदि मामलों को प्राथमिकता के साथ निष्पादित करने की बात कही।




उपायुक्त ने परीक्ष्यमान कर्मियों को कोषागार एक्ट,सेक्शन एवं वित्तीय नियमावली की बारीकियों को सीखने के लिए झारखंड ट्रेजरी कोड किताब का वितरण किया। उपायुक्त ने कोषागार पदाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत इच्छाशक्ति से कई पेंशनधारी जो कार्यालय आने में सक्षम नहीं है उन्हें उनके घर जाकर पेंशन संबंधी अड़चनों को दूर कर उनको उनके लाभ से आच्छादित करने की कारवाई की प्रशंसा की। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से ऐसे कार्यप्रणाली से सीख लेने की बात कही। उपायुक्त ने अपने निरीक्षण के क्रम में सभी विभागों के कार्यालय प्रधान को निर्देश देते हुए कहा की वेतन सम्बंधी विपत्रो को ससमय कोषागार कार्यालय भेजें ताकि समय पर वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। मौके पर कोषागार पदाधिकारी ने बताया कि महत्त्वपूर्ण विभाग होने के कारण पूरे जिलेभर से लाभुक इस कार्यालय में आते है उनकी सुविधा के लिए वेटिंग चेयर, शुद्ध पेयजल के लिए वाटर फिल्टर व दिव्यांग पेंशनधारियों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है।

## फरार 16 अभियुक्तों के घर चिपकाया गया इश्तेहार



**HAZARIBAG:** बरही थाना में दर्ज एससी-एसटी केस नंबर 88/19 के फरार चल रहे 16 अभियुक्तों के घर गुरुवार को इश्तेहार चिपकाया गया। बरही थाना के एसआई चंदन कुमार पुलिस दल बल के साथ गुडियो गांव पहुंच कर फरारियों के घरों पर इश्तेहार चिपकाया। इस बाबत पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि एससी-एसटी केस नंबर 88/19 श्याम लाल दुसाध बनाम सुरेंद्र यादव वगैरह के विरुद्ध स्पेशल जज एससी- एसटी कोर्ट हजारीबाग से कांड में फरार अभियुक्त अरुण यादव पिता सुरेंद्र यादव, रामचंद्र यादव उर्फ चंदर, सुरेंद्र यादव, प्रदीप यादव, महेश यादव, छोटू मिया पिता इस्माइल मिया सभी गुड़ियों बरही निवासी के विरुद्ध निर्गत इश्तेहार को विधिवत तामिला किया गया।

## कोडरमा में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**KODARMA:** कोडरमा स्टेशन के समीप फ्लाई ओवरब्रिज के नीचे एक मालगाड़ी की चपेट में आने से गुरुवार की सुबह एक युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक रेलवे लाइन पार कर रहा था। इस दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक की उम्र 20 से 25 वर्ष बताई जा रही है। घटना के बाद आरपीएफ के जवान ने मौके पर पहुंचकर रेलवे लाइन से शव को हटवाया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित की गई लोहरदगा की होनहार बेटियां

**PHOTON NEWS LOHARDAGA:** झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन नगर भवन लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला के सरकारी विद्यालयों के बच्चे शिक्षा, खेल समेत अन्य क्षेत्रों में काफी अच्छा कर रहे हैं। मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में रिजल्ट बेहतर हो रहा है। यहां के सरकारी विद्यालयों के बच्चे आईआईटी जेईई परीक्षाएं पास कर रहे हैं। अभी बीते माह थाईलैण्ड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में यहां के आवासीय विद्यालयों के बच्चों ने स्वर्ण व रजक पदक हासिल किये हैं।

**इन छात्राओं को किया गया सम्मानित**



कार्यक्रम में इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की मुस्कान कुमारी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय किस्को की छात्रा सुचिता कुमारी और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की छात्रा प्रेरणा कुमारी को सम्मानित किया गया। इस वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान संकाय में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, भंडरा की छात्रा संतोषी कुमारी, जूली कुमारी और पार्वती कुमारी को सम्मानित किया गया।

इंटरमीडिएट परीक्षा वाणिज्य संकाय में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, सेन्हा की छात्रा सपना उरांव, रूकसाना खातून और एक अन्य छात्रा को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा कला संकाय में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, भंडरा की छात्रा पूनम कुमारी, मनीषा कुमारी और सोनी कुमारी को सम्मानित किया गया।


25-27 जून तक थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की तीन छात्राओं कुमकुम कुमारी, अनामिका उरांव, रौशनी उरांव, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की तीन छात्राओं जूही कुमारी, सुनेहा कुमारी और अंजलि तिर्की को स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त करने के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2022 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू की 11 और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की 12 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

18-19 दिसंबर, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित सुपर गोल्ड कराटे लीग-2022 में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्राप्त करने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की 04 और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की 05 छात्राओं को सम्मानित किया गया। 20-22 मई 2023 को देहरादून में आयोजित थर्ड ओकेकेई नेशनल कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त करने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू की 5 छात्राओं और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की चार छात्राओं को सम्मानित किया गया। राज्य कला उत्सव 2022 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आशा टोप्पो को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। आशा टोप्पो झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की छात्रा है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, लोहरदगा प्रभारी सपना सिंह, एपीओ अशोक पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## सिदो कान्हू युवा खेल क्लब व संचालन मार्गदर्शिका, होनहे के अध्यक्ष बने रवि कांत

**PHOTON NEWS RAMGARH:** झारखंड सरकार कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के द्वारा सभी गांव में सिद्धू काहूं युवा खेल क्लब एवं संचालन मार्गदर्शिका का गठन किया जा रहा है, दिनांक 12 जुलाई 2023 दिन बुधवार को होनहे पंचायत सचिवालय में पंचायत सेवक के निर्देश पर मुख्य रूप से होनहे पंचायत के मुखिया,पंचायत समिति व ग्रामीणों के द्वारा बैठक किया गया,? बैठक में रविकांत महतो को सिंधु कान्हू युवा खेल क्लब व संचालन मार्गदर्शिका का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने गए रविकांत महतो ने ग्रामीणों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पद को मैं अपनी जिम्मेदारी के साथ निभाऊंगा, मैंने पहले और वर्तमान में भी युवाओं को खेलकूद व कला संस्कृति कार्यक्रम करवाते आ रहा हूं,और इस पद को मिलने से मुझे हौसला बढ़ाने का काम किया है।उन्होंने कहा मैं



युवाओं को खेलकूद व कला संस्कृति क्षेत्र में युवाओं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का भरपूर सहयोग व कोशिश करूंगा। इस तरह से ग्रामीण स्तर पर क्लब का गठन होने से गांव के युवाओं में जागरूकता आएगी, सही भविष्य को चुनेंगे व अन्य गलत चीजों तरफ कदम नहीं बढ़ाएंगे। इस तरह के संगठन से युवाओं में एकता आएगी और इस एकता से एक साथ मिलजुल कर पढ़ाई लिखाई व प्रतियोगी परीक्षाओं का तैयारी करेंगे साथी ही अच्छे व्यवहार की आगमन होगा।

## लातेहार में दो लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो गिरफ्तार

**PHOTON NEWS LATEHAR:** जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दलित लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपितों को पुलिस ने गढ़वा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में चिंटू मिश्रा और मनोहर अंसारी शामिल हैं। दोनों गढ़वा के रहने वाले हैं। एसपी अंजनी अंजन ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गत 29 जून को बरवाडीह थाना क्षेत्र की दो लड़कियों के अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने गत 7 जुलाई को दोनों लड़कियों को गढ़वा से मुक्त करा लिया। लड़कियों ने पुलिस को बताया था कि वे लोग किसी काम से गढ़वा गए थे। इसी दौरान कुछ युवकों ने उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने का झांसा



देकर एक घर में ले गए और उन्हें कैद कर लिया। यहां एक सप्ताह तक दोनों लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इस मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गत 7 जुलाई को ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि घटना के मुख्य अभियुक्त चिंटू मिश्रा और मनोवर अंसारी को 13 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि इस घटना में कुछ अन्य लोग भी शामिल थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत, अन्य तीन घायल




**PHOTON NEWS GIRIDIH:** जिले के बगोदर में गुरुवार की अहले सुबह एक सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत हो गई। इस घटना में तीन अन्य कांवड़ियों को गंभीर रूप से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि एक वेगनआर गाड़ी से पांच कांवड़िया देवघर से पूजा कर हजारीबाग लौट रहे थे। बगोदर थाना इलाके के जीटी रोड स्थित झड़ी पुल के समीप एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पांचों कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पहले पांचों कांवड़ियों को बगोदर के ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दो कांवड़ियों को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन कांवड़ियों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज चल रहा है। मृत कांवड़ियों की पहचान हजारीबाग निवासी संतोष केशरी और दीपक केसरी के रूप में हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत रामगढ़ कारागार में कैदियों को किया गया जागरूक

# रामगढ़ कारागार में हुआ टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH:** उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के निदेशानुसार प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत रामगढ़ जिला के कारागार में रह रहे कैदियों को टीबी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कारागार के सभी कैदियों की टीबी की जांच की गई। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डां० स्वराज ने टीबी मुक्त भारत के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि भारत को 2025 तक टीबी मुक्त कराना



है। जिसमें सभी की जन भागीदारी सुनिश्चित हो इस हेतु टी०बी० के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डॉ० स्वराज ने टी०बी० के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि टी०बी० का बैक्टीरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक हवा के माध्यम से फैलता है और यह हमारे फेफड़े को प्रभावित करता है। साथ ही शरीर के अन्य अंगों को भी संक्रमित कर सकता है। अगर समय से व्यक्ति टी०बी० का इलाज नहीं कराया गया तो वह अपने आस-पास के कम से कम 10-15 स्वस्थ्य लोगों को संक्रमित कर सकता है। इसलिए अगर किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण जैसे दो हफ्ते से अधिक खांसी, सप्ताह बुखार आना, भुख ना लगना,वजन कम होना,बलगम के साथ खून आना, छाती में दर्द होना, मधुमेह रोग,तथा एच०आई०वी० से संक्रमित होना इत्यादि हो तो उसे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बलगम की जांच करानी चाहिए। टी०बी० की जांच एवं इलाज पूर्णः निशुल्क है। वहीं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि टी०बी० के मरीजों को निश्चय पोषण योजना अंतर्गत हर माह ?500 दिए जाते हैं इसके अतिरिक्त जिला टी०बी० विभाग के प्रयास से निक्षय मित्र द्वारा पोषण युक्त सामग्री पैकट भी दिया जाता हैं। आज भी समाज में टी०बी० को लेकर कई तरह की भ्रांतियां हैं लोग बीमारी को छुपाते है। डां स्वराज ने बताया कि हमारे ज़िले में टी बी जांच हेतु सीबीनेट,टूनेट एवं माइक्रोस्कोपी एवं एक्सरे कि सुविधा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निशुल्क उपलब्ध है। जिससे मरीजों का जांच कर समय से इलाज हो सके।

## पुलिस मुख्यालय ने पदक के लिए मांगा पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों का ब्यौरा




**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक प्रदान करने के लिए प्रस्तावित आईपीएस ऋषभ झा सहित 23 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों का पूरा ब्योरा मांगा है। इनमें आईपीएस ऋषभ कुमार झा, एएसपी अनुराग राज, डीएसपी दीपक कुमार पांडे, डीएसपी दीपक कुमार, इंस्पेक्टर अनिल उरांव, अभिनव कुमार, गौतम कुमार, धीरज कुमार मिश्रा, सब इंस्पेक्टर विक्रांत कुमार, एएसआई संजय कुमार, सच्चिदानंद सिंह, आरक्षी रूपनारायण महतो, याकूब सुरीन, अशोक कुमार, सुभाष दास,रविंद्र टोप्पो,अनिल उरांव,बाबूराम बास्की सहित अन्य शामिल हैं।

BRIEF NEWS

## को-आपरेटिव कॉलेज के साइबर क्लब द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा पर सेमिनार का हुआ आयोजन



वर्तमान सरकार की नीतियों से सैनिकों का मनोबल है ऊँचा

जमशेदपुरः जमशेदपुर को-आपरेटिव कॉलेज के साइबर क्लब द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य और असमामिति युद्ध पर गुरुवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में वातार्लाप श्रृंखला विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम तीन मुख्य वक्ता शामिल थे। इसमें दो वक्ता 1965 व 1971 युद्ध की लड़ाई भी शामिल थे। वहीं तीसरा वक्ता साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ के रूप में रूप में उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिकों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जनरल वीके चतुर्वेदी का किया स्वागत



**JAMSHWDPUR:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी एक कार्यक्रम में शामिल होने गुरुवार को जमशेदपुर स्थित करीम सिटी कॉलेज पहुंचे। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जिला इकाई के प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष हवलदार विनय यादव एवं जिला महामंत्री हवलदार जितेंद्र सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पेटी ऑफिसर राजेश पांडे के नेतृत्व में जनरल चतुर्वेदी से मिले। इस दौरान संगठन के विस्तार और पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक का आरंभ भारत माता की वंदना , माल्यार्पण , पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । फिर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनरल चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों से कहा कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर जिला इकाई के प्रत्येक सदस्य अपने एकत्रित प्रयास से राष्ट्रहित, समाजहित एवं सैन्यहीत के पथ पर चलते हुए संगठन को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे ।

## मंत्री ने मछली बाजार केंद्र का किया उद्घाटन

**CHAIBASA:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मछुआरों एवं मछली पालन से जुड़े. लोगों के प्रति हमेशा आत्मीय लगाव रहा है. उनके दिशा निर्देश पर राज्य में परंपरागत मछली पालन के कार्यों को व्यवसाय का रूप देने का कार्य किया जा रहा है. यह बातें 20 सूत्री कार्यक्रम प्रभारी मंत्री सह कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने शहर के मंगला हाट परिसर में निर्मित मछली बाजार केंद्र का उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि राज्य में मौसमी तालाबों के अलावा बड़े जलाशयों एवं बंद व पानी से भरे खदान तालाबों में मछली पालन की सोच को पश्चिमी सिंहभूम जिला में मूर्त रूप देते हुए विस्थापितों, स्थानीय इलाकों के मछुआरों व इच्छुक परिवारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है. जो भविष्य में बहुमूल्य परिवर्तन आएगा. मंत्री ने बताया कि झारखंड राज्य अलग होने के समय राज्य में 74 हजार मैट्रिक टन मछली का उत्पादन किया जाता था. लेकिन सभी के सार्थक प्रयास से यह बढ़कर 2 लाख 38 हजार मैट्रिक टन हो गया है।

## बंदगांव अंचल के मानकी-मुंडा संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**CHAIBASA:** बंदगांव प्रखंड के राजस्व गांव कटवा में डिग्री कॉलेज भवन निर्माण कराना छोड़ अन्यंत्र जगह जंगल झाड़ में कॉलेज भवन निर्माण कराने के कारण क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है. यही नहीं बंदगांव अंचल के मानकी मुंडा भी असंतुष्ट हैं. इसे लेकर गुरूवार को बंदगांव अंचल के मानकी-मुंडाओं ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचे हुए थे. मानकी मुंडा संघ ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बंदगांव के राजस्व गांव कटोवा में डिग्री कॉलेज का निर्माण के लिए जमीन का चयन किया गया है।

# क्राइम कंट्रोल पर एक्शन में एसएसपी, शहर को तीन जोन में बांटा, यहां 29 इंस्पेक्टर तैनात रहेंगे

## शहर में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए पुलिस ने की बड़ी तैयारी

**PHOTON NEWS JAMSHWDPUR:** शहर में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए पुलिस ने बड़ी तैयारी की है। इसके तहत पूर्वी सिंहभूम जिले को क्राइम कंट्रोल के लिए तीन जोन में बांटा गया है। तीनों जोन में 29 इंस्पेक्टर तैनात रहेंगे। एसएसपी प्रभात कुमार ने यह निर्देश दिए। साथ ही इंस्पेक्टर की प्रतिनियुक्ति की सूची जारी की। 29 इंस्पेक्टर एक दिन क्राइम कंट्रोल के प्रभार में होंगे। इसके लिए 29 दिन का रोस्टर बनाया गया है।




यह 12 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगा। इसके लिए मेट्रो नामक व्हाट्सएप ग्रुप भी पुलिस द्वारा बनाया गया है, जिसमें चेकिंग की तस्वीर के साथ पदस्थापना के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक हर इंस्पेक्टर पीसीआर में तैनात होंगे। वे शहरी इलाके में पेट्रोलिंग से लेकर टाइगर मोबाइल के मूवमेंट पर निगरानी बरतेंगे। जहां खामी मिलेगी, वहां के बारे में मेट्रो ग्रुप में मैसेज देना होगा। इसमें सभी थाना प्रभारी भी हैं, जो एक दिन के लिए पीसीआर इंस्पेक्टर के रूप में काम करेंगे।

### एसएसपी ने दिया निर्देश

सभी इंस्पेक्टर रात के समय पीसीआर, टाइगर मोबाइल, हाईवे पेट्रोलिंग सहित अन्य पेट्रोलिंग का लोकेशन लेते हुए गश्त कराएंगे। इंस्पेक्टर अपने अनुभव के आधार पर शहर के प्रत्येक संवेदनशील जगह पर मूवमेंट करेंगे। रात्रि गश्त के दौरान अपनी गाड़ी से उतरकर हथियार लाठी लेकर पैदल चलेंगे। हर इलाके में जाकर बीट पेट्रोलिंग सिस्टम क्यूआर कोड स्कैन करेंगे और बीट रजिस्टर में हस्ताक्षर करेंगे। शहर में कहीं भी अपराध होने पर संबंधित क्षेत्र के आसपास के सभी संभावित एग्जिट प्वाइंट पर तत्काल एंट्री क्राइम चेकिंग लगाएंगे।

साथ ही सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार का अपराध होने पर तत्काल इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को देंगे। रात 1 बजे से 4 बजे के बीच मिनट दर मिनट की रिपोटिंग करनी है। चेकिंग ड्यूटी के दौरान चेकिंग की तस्वीर और लोकेशन मेट्रो में व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करेंगे। यदि किसी द्वारा कोई लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई सुबह समर्पित करेंगे। इस पर निगरानी के लिए एएसपी विधि व्यवस्था को नोडल पदाधिकारी के रूप में तैनात किया गया है।

## स्कूल में तनाव प्रबंधन एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने के विषय पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**PHOTON NEWS JAMSHWDPUR:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बिष्टुपुर शाखा की ओर से बिष्टुपुर स्थित सेंट मेरीज इंग्लिश हाई स्कूल एवं सेंट मेरीज हिंदी मीडियम स्कूल के ऑडिटोरियम में विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें इंग्लिश मीडियम के कक्षा 9 से 12 तक एवं हिंदी मीडियम के कक्षा 7 से 10 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का मुख्य विषय 'तनाव प्रबंधन एवं स्मरण शक्ति बढ़ाना' था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बीके विकास रंजन थे । वे मेमोरी ट्रेनर,आध्यात्मिक हीलर, और प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ हैं। कार्यक्रम का आयोजन बी के अंजू दीदी के नेतृत्व में हुआ। वहीं बीके अंजना बहन ने कोऑर्डिनेटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । कार्यक्रम में हिंदी मीडियम स्कूल की प्राध्यापक सिस्टर प्रेमलता , इंग्लिश मीडियम विद्यालय के प्रधानाचार्य


फादर वरनन डीसूजा, उप प्रधानाचार्य फादर एलेक्स डार्विन, एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

## परसुडीह में बच्चों ने चित्रों के माध्यम से उकेरी स्वच्छता की तस्वीर



**PHOTON NEWS JAMSHWDPUR:** गुरूवार को स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उदेश्य से बच्चों ने अपनी चित्रकारी से विभिन्न आयामों को कागज पर उकेरा। चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन परसुडीह स्थित राजेन्द्र एण्ड संस पेट्रोल पंप पर भारत पेट्रोलियम द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 55 छात्रों ने भाग लिया।प्रतियोगिता दो ग्रुपों में आयोजित की गई। प्रथम ग्रुप में वर्ग 4 से 6 वर्ग के बच्चे शामिल हुए एवं दूसरे ग्रुप में वर्ग 7 एवं 8 के बच्चे शामिल हुए। प्रथम ग्रुप में प्रथम सुमन मुंडा, द्वितीय सावन सरदार एवं तृतीय शिवानी भूमिज ने बाजी मारी। दूसरे ग्रुप में प्रथम स्थान सरस्वती सरदार, द्वितीय कुंती हेंब्रम एवं तृतीय स्थान सरिता राय ने प्राप्त किया। विशेष पुरस्कार केरला समाजम मॉडल स्कूल की नन्हीं छात्रा प्रणिका गुप्ता को दिया गया। मौके पर कंपनी के अधिकारी नीतीश कुमार ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील की। राजेन्द्र साह राज ने बच्चों को घर, मुहल्ला, विद्यालय आदि में स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी मंगल पात्रों, प्रगति गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, विकास कुमार, अमित सात्रा, लखन विक्रांत आदि उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजेन्द्र साह राज ने किया।

## हाथी के हमले में महिला की मौत, मुआवजा की मांग




**ROURKELA:** सुंदरगढ़ जिले के कोइड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंडा बस्ती, डेंगुला में गुरुवार की सुबह एक हिंसक हाथी ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इसमे एक महिला की मौत उनके पति के सामने हो गई।

मृतक की पहचान सीता मुंडा के रूप में की गयी है। आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## युवा साइबर एजुकेशन के माध्यम से सेना में जाये बिना भी देश की सुरक्षा करें: बालाजी वेंकटेश्वर

**PHOTON NEWS JAMSHWDPUR:** को-ऑपरेटिव कॉलेज के साइबर सेल और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में ₹नेशनल सिक्यूरिटी पेराडाइम एंड एस्सीमेट्रिक वेलफेयर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला गुरूवार को आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडमिरल रमन पुरी, लेफ्टिनेंट जनरल के चतुर्वेदी एवं बालाजी वेंकटेश्वर ( चीफ मेंटर ) उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि एडमिरल पुरी ने अनुभव को साझा करते हुए सन 1965 और 1971 में देश ने अपने गौरव को बरकरार रखने की जो लडाई लड़ी उसकी चर्चा की ओर उस दौरान स्ट्रेटजी और डिप्लोमेसी क्या थी इसके बारे में बताया। के चतुर्वेदी ने भी 1965 ओर 1971 युद्ध के अपने अनुभवों को बताया। साथ ही छात्र छात्राओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी और



स्वाभिमानी होने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया की हम विश्व में कहीं भी रहें अपनी भाषा और संस्कृति के पहचान को हमेशा अपने साथ रखें। इसी क्रम में उपरोक्त दोनों वक्ताओं ने साइबर वार के बारे में भी सचेत किया। जिसका विस्तृत वक्तव्य बालाजी वेंकटेश्वर ने प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आज के युवाओं के ऊपर ये जिम्मेदारी है कि साइबर एजुकेशन के माध्यम से सेना में जाये बिना भी देश की सुरक्षा करें। कार्यक्रम को डॉ रंजीत कुमार कर्ण ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीता सिन्हा ने किया जबकि मंच संचालन डॉ शालिनी शर्मा एवं डॉ रुचिका तिवारी ने किया। कार्यशाला में जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों के साथ-साथ शहर के अन्य महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित हुए।

## रोटरी क्लब ऑफ राउरकेला सेंट्रल का 28वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित



**PHOTON NEWS ROURKELA:** रोटरी क्लब ऑफ राउरकेला सेंट्रल का 28वां स्थापना समारोह राधिका रीजेंसी में गुरुवार को आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन मंजीत सिंह अरोड़ा उपस्थित थे। नए अध्यक्ष रोटेरियन अब्दुस सलाम ने पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता से क्लब की कमान संभाली।इसके अतिरिक्त, नए सचिव, विकास पांडे ने पूर्व सचिव राजेश अग्रवाल से प्रभार ग्रहण किया।

अध्यक्ष अब्दुस सलाम ने कहा कि ₹दुनिया में आशा पैदा करें₹, जो रोटरी इंटरनेशनल का विषय है। वर्ष 2023-24 के लिए मुख्य फोकस में सदस्यता विकास, सार्वजनिक छवि, परियोजनाएं, फंडरेजर और रोटरी फाउंडेशन शामिल होंगे।

इस दौरान क्लब के सदस्य, वरिष्ठ रोटरी सदस्य और गणमान्य लोगों उपस्थित हुए।

# कैबिनेट मिनिस्टर नबो दास हत्याकांड की सुनवाई शुरू

**PHOTON NEWS JHASHUGODA:** नबो दास की बहुचर्चित हत्या की सुनवाई शुरू हो गयी है। नबो दास की बहुचर्चित हत्या मामले में अभियुक्त गोपाल दास को चौडवार जेल से लेकर क्राइम ब्रांच की टीम झारसुगुड़ा पहुंची। गोपाल दास को ओएसएपी बटालियन से जेएमएफसी की अदालत में लाया गया था। जेएमएफसी की अदालत में आपराधिक शाखा द्वारा दायर आरोप पत्र के अनुसार, अभियुक्त गोपाल के खिलाफ आरोप तय हो चुका है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोर्ट परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी।बताया



गया है कि अभियुक्त गोपाल के ट्रायल की प्रक्रिया 10 मिनट में खत्म कर दी गई। गौरतलब है कि 29 जनवरी को एएसआई गोपाल दास ने कैबिनेट मंत्री नबो दास पर गोली चला दी थी। हत्या से पहले गोपाल ने समलस्वारी मंदिर में शपथ ली थी। कैबिनेट मंत्री नबो दास को रास्ते से हटाने से पहले उसे मारने की कसम खाई थी। नबो दास की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच की चार्जशीट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। गोपाल दास ने 8 जुलाई 1992 को ब्रह्मपुर में पुलिस की नौकरी शुरू की। 9 सितंबर 2009 को उन्हें हवलदार से पुलिस एएसआई के पद पर पदोन्नत किया गया। उन्होंने लगभग 10 वर्षों तक झारसुगुड़ा जिले में काम किया। नवंबर 2020 से वह ब्रजाजनगर गांधीचक फंडी में काम कर रहे थे। इस जिले में उनके कार्यकाल के दौरान नोब दास के साथ उनकी दुश्मनी बढ़ती रही। एक बार शिकायत मिली कि नोब दास के समर्थक गांधीचौक इलाके में हंगामा कर रहे हैं।

## ROURKELA स्टील प्लांट का सामूहिक पौधरोपण महोत्सव शुरू



**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला स्टील प्लांट में गुरूवार को सामूहिक पौधरोपण महोत्सव शुरू हुआ। इस्पात वृक्ष विहार में 1150 पौधारोपण किया गया। सबसे पहले इस्पात इंग्लिश मीडियम स्कूल, सेक्टर-20, इस्पात विद्या मंदिर, सेक्टर-19, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर-14, डीसूजा स्कूल, सेक्टर-1 और नीलमाधब स्कूल, सेक्टर-1 के विद्यार्थी हाथों में तख्तियाँ लेकर पर्यावरण जागरूकता पर नारे लगाते हुए एक आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। वरिष्ठ प्रबंधक (उद्यान-कृषि?, क्यूरेटर एवं जीवविज्ञानी) डॉ. सत्यनारायण मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया। मालूम हो कि आरएसपी. ने अब तक राउरकेला और उसके आसपास लगभग 52 लाख पेड़ लगाए हैं, जिससे इस क्षेत्र में काफी हरियाली है।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में भागवत कथा के छठवें दिन एकादशी पर गाय दान

# मन में कपट भाव रखने वालों को भगवान ने असुंदर माना है : सीताराम शास्त्री

**PHOTON NEWS JAMSHWDPUR:** बिष्टुपुर तुलसी भवन में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन गुरूवार को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने व्यास पीठ से रास लीला, उद्धव गोपी संवाद एवं रूकमणि चरित्र प्रसंग का सुंदर व्याख्यान करते हुए कहा कि जिसका हृदय सुंदर हैं, वही वास्तव में सुंदर हैं। जीव और ब्रह्म की एकता का नाम ही रास हैं। इस रासलीला को शारीरिक मिलन की धरातल पर नहीं रखा जा सकता। यह जीव का ब्रह्म के साथ दिव्य मिलन का महोत्सव हैं। हमारे शास्त्रों ने हृदय



की सुंदरता को महत्व दिया हैं। शारीरिक सुंदरता हो और मन में कपट भाव हो तो उसे भगवान ने असुंदर ही माना हैं। शास्त्री जी ने आगे कहा कि कपट छोडकर भगवान से जुड़ाव राधना की श्रेष्ठ अवस्था हैं। जिसके हृदय में कपट है उसके लिए परमात्मा के पट बंद हैं। कंस जरासंघ प्रसंग की चर्चा करते हुए महाराज जी ने आगे कहा कि वर्तमान में हमारा समूचा जीवन पाने और बचाने में व्यतीत हो रहा हैं। जो नहीं हैं उसे पाना हैं और जो हैं इसे बचाना हैं। ये दोनों भवनाएं जब अतिबढ़ती हैं तो मानव अपना जीवन लक्ष्य को भूल जाता हैं। मनुष्य जीवन उस परम की उपलब्धि के लिए मिला हैं। सांदि पानी के विधालय में श्री कृष्णा के आध्यपन के प्रसंग में उन्होंने कहा कि शिक्षा गुरू सेवा से ही फलीभूत होती हैं। आज शिक्षा का स्तर तो बढ़ रहा हैं, पर संस्कारों की हीनता हो रही हैं। आज ऐसी स्थिति आ रही हैं कि छात्र अपने गुरू के सामने ही सिगरेट, शराब आदि नशा का सेवन करते हुए दिखाई देते हैं। भौतिकता के चकाचौंध में स्वतंत्रता के नाम पर हमलोग स्वच्छंद बनते जा रहे हैं। सत्संग मानवीय मन को यथार्थ दृष्ट प्रदान करता हैं। महाराज जी सातवें दिन शुक्रवार की सुबह सुदामा चरित्र, श्री कृष्ण स्वधाम गमन का प्रसंग सुनायेंगे। कथा प्रसंग के बाद हवन एवं पुणाहुति के साथ कथा का विश्राम होगा। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु देर संध्या तक जमे रहे।

## इनरव्हील क्लब ने एसपीजी छात्रावास में किया पौधारोपण

**CHAIBASA:** इनरव्हील क्लब की ओर से गुरूवार को एसपीजी मिशन बालिका छात्रावास में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा भावना राठौड़ ने बताया इनरव्हील क्लब के द्वारा संपादित किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में पर्यावरण की सुरक्षा और उसका संरक्षण प्राथमिक विषय है. इस समय वातावरण पौधारोपण के लिए सबसे अनुकूल है. मैं सभी नागरिकों से अपील करती हूं ज्यादा से ज्यादा पौधों का रोपण करें. ताकि भविष्य में हमें पर्यावरणीय असंतुलन का समाधान मिल सके. उन्होंने छात्रावास की वार्डन को पौधारोपण के लिए भूमि उपलब्ध कराने तथा चक्रधरपुर के भगेरिया फाउंडेशन और चाईबासा के विवेक भारती फाउंडेशन का पौधारोपण में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# गेमिंग पर ज्यादा टैक्स

ऑनलाइन गेमिंग पर सरकार ने उचित ही 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया है। जिस दौर में दूध से बने उत्पादों पर जीएसटी लग सकता है, जब कंडेस्ड मिल्क पर 12 प्रतिशत जीएसटी लग सकता है, तब ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए। जीएसटी तय करने वाली वस्तु एवं सेवा कर परिषद ने मंगलवार को नई दिल्ली में अपनी 50वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ व कैसीनो पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया है। सरल शब्दों में कहें, तो ऑनलाइन गेम पर प्रति 100 रुपये खर्च करने पर 28 रुपये जीएसटी लिया जाएगा। अगर ऑनलाइन गेम उद्योग के नजरिये से देखें, तो यह बुरी खबर है। भारत में ऑनलाइन गेमिंग बाजार एक अरब डॉलर से ज्यादा का है। जीएसटी से न केवल ऑनलाइन गेम खेलने वाले, बल्कि इससे आजीविका चलाने वालों पर भी असर पड़ेगा। एक बड़ी चिंता यह भी है कि इससे बचने के लिए चोर रास्ते खोजे जाएंगे, जिससे अवैध गेमिंग कारोबार विकसित हो जाएगा। ज्यादा नियम-कायदे व ज्यादा शुल्क या कर वसूली का यह एक बड़ा नुकसान है। क्या सरकार ने इस बारे में सोच लिया है? भारत में तेजी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग कारोबार से राजस्व उगाही का सरकार का फैसला खुद उसके नजरिये से बुरा नहीं है, पर सरकार को ध्यान रखना चाहिए कि इस उद्योग का विकास प्रभावित न हो। जहां तक घुड़दौड़ और कैसीनो का सवाल है, तो इन पर 28 प्रतिशत जीएसटी का कोई भी विरोध नहीं करेगा, लेकिन जुआ और खेल पर एक ही अनुपात में कर लगाने का विरोध भी विचारणीय है। इसके अलावा यह जीएसटी वसूली भी आसान नहीं होगी। अगर सरकार पुख्ता निगरानी के साथ यथोचित टैक्स वसूलना चाहती है, तो उसका स्वागत है। एक और बात ध्यान देने की है कि भारत का पैसा भारत में ही रहना चाहिए। अभी विदेशी कंपनियों प्रभावी हैं और देशी कंपनियों को सही कारोबार के लिए कुछ रियायत देने में कोई हर्ज नहीं है। जिन खेलों की लत लग सकती है या जो खेल जुआ की प्रकृति के हैं, जो स्वयं ही जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए घोषणा करते हैं कि आप अपने जोखिम पर खेलिए, उनसे भारी कर वसूली कतई गलत नहीं है। दूसरी ओर, जो खेल किसी तरह का नुकसान नहीं करते हैं, जो जिम्मेदारी के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा या मनोरंजन को बढ़ावा देते हैं, उनके प्रति नरम नजरिया गलत नहीं होगा। कोई शक नहीं कि ऑनलाइन गेम का क्षेत्र बहुत विशाल है और यहां सेवाओं-सुविधाओं को बहुत सुलझाने-संवारने की जरूरत है। सरकार को कौशल आधारित खेलों को बढ़ावा देना चाहिए, लेकिन तुक्का या भाग्य आधारित खेलों को हतोत्साहित करने में कोई हर्ज नहीं है। देश में ऑनलाइन कुशलता को बढ़ावा देना सामाजिक व आर्थिक, दोनों तरह से सही है। देश के आर्थिक हित महत्वपूर्ण हैं, पर सामाजिक हित की भी उपेक्षा नहीं हो सकती। इंटरनेट के दौर में सरकारों के लिए आय के नए-नए स्रोत बन रहे हैं, लेकिन हर स्रोत को समान रूप से देखने से बचना चाहिए।

# ध्वस्त होता लोकतंत्र

बंगाल में पंचायत चुनाव के नतीजे आने के बाद भी हिंसा जारी रहने पर हैरानी नहीं, क्योंकि ऐसा होना इस राज्य का राजनीतिक चरित्र बन गया है। ध्यान रहे कि बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव के बाद भी भीषण हिंसा हुई थी। तब भी दर्जनों लोग मारे गए थे, लेकिन ममता सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा था। इस बार भी ऐसी ही स्थिति है। बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन शुरू होते ही हिंसा और हत्याओं का सिलसिला कायम हो गया था, जो मतदान के दिन तक जारी रहा। आम तौर पर मतदान खत्म होते ही हिंसा का दौर समाप्त हो जाता है, लेकिन बंगाल अपवाद है। वहां नतीजे आने के बाद भी हिंसक गतिविधियां जारी रहती हैं और उनमें लोग मारे भी जाते हैं। चुनाव बाद हिंसा में अभी तक चार लोग मारे जा चुके हैं। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि हिंसा और हत्या का यह दौर थमने वाला नहीं है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा की संस्कृति इतना विकृत रूप ले चुकी है कि विरोधी दलों के नेताओं और कार्यकताओं पर ही हमले नहीं होते, उन मतदाताओं को भी निशाना बनाया जाता है, जिन पर यह संदेह होता है कि उन्होंने किसी विपक्षी दल को वोट दिया है। बंगाल में ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि न तो सत्तारूढ़ दल चुनावी हिंसा रोकने की कोई इच्छाशक्ति दिखाता है और न ही पुलिस। बंगाल पुलिस चुनावी हिंसा के समक्ष मूकदर्शक बनना ही पसंद करती है। बंगाल में हर चुनाव हिंसा और भय के साये में होते हैं। चुनावों के दौरान विरोधी दलों के प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को डराने-धमकाने के लिए जमकर बम-बंदूकों का इस्तेमाल होता है। ऐसे माहौल में होने वाले चुनाव लोकतंत्र को निरर्थक ही साबित करते हैं। चुनावों की पहली शर्त है कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष होने के साथ ऐसे वातावरण में हों, जिसमें न तो हिंसा की आशंका हो और न ही इसकी कि नतीजों के बाद जीतने या हारने वाले बदला लेने पर उतारू हो जाएंगे। बंगाल में चुनाव की इस बुनियादी शर्त का कोई मतलब नहीं रह गया है, क्योंकि वहां कोई भी चुनाव हिंसा और भय के साये के बगैर हो ही नहीं पाता। क्या ऐसे माहौल में होने वाले चुनाव लोकतंत्र को कोई शक्ति प्रदान कर सकते हैं? वास्तव में आतंक के साये में होने वाले चुनाव और उनसे हासिल नतीजे लोकतंत्र का केवल उपहास ही नहीं उड़ाते, बल्कि उसे निरर्थक भी साबित करते हैं।

# मित्रता की मिसाल कायम करते भारत-फ्रांस

ANALYSIS

हर्ष वी. पंत

भारत और फ्रांस के संबंध अतीत से ही मधुर रहे हैं। कश्मीर मुद्दे से लेकर परमाणु शक्ति जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवादित एवं विभाजित विषयों पर भी फ्रांस भारत के रुख का समर्थन करता रहा। वीटो शक्तिसंपन्न देशों में फ्रांस ही वह पहला देश था जिसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। पिछली सदी के अंतिम दशक में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी ने गति पकड़ी। परमाणु परीक्षणों के बाद जब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने भारत को प्रतिबंधों से लाद दिया, तब उस दौर में भी फ्रांस भारत के प्रति अपेक्षाकृत नरम बना रहा। भारत-फ्रांस रिश्तों की सबसे अच्छी बात यह रही है कि दोनों देशों ने इस मित्रता को 21वीं सदी के अनुरूप ढालने में तत्परता दिखाई है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों का कई वैश्विक मुद्दों पर एक जैसा दृष्टिकोण इसकी पुष्टि करता है। दोनों ही नेता किसी भी साझेदारी में रणनीतिक स्वायत्तता को खासी महत्ता देते हैं। नाटो का सदस्य देश होने के बावजूद फ्रांस ने रूस को लेकर बहुत व्यावहारिक रुख दिखाया। भारत का रवैया भी ऐसा ही रहा। भारत की किसी भी महत्वपूर्ण पहल पर फ्रांस का अक्सर अविलंब मिलने वाला समर्थन भी द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती को दर्शाता है। रिश्तों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी भरा रवैया भी फ्रांस के साथ रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने में बड़ा सहायक सिद्ध हुआ।



इस समय अंतरराष्ट्रीय ढांचा बहुत तेजी से बदल रहा है। इससे अनिश्चितता भी बढ़ रही है। इस बढ़ती अनिश्चितता में विभिन्न देशों के बीच नई-नई साझेदारियां और नए-नए मंच आकार ले रहे हैं। इसमें भारत विश्व के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आज दुनिया का लगभग हर छोटा-बड़ा देश भारत के साथ साझेदारी करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यस्त कार्यक्रम से भी इसका अनुमान लगता है कि दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्ष भारत के साथ अपने संबंधों को नया आयाम प्रदान करता चाहते हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के ऐतिहासिक रूप से सफल राजकीय दौरे के बाद प्रधानमंत्री मोदी इसी सप्ताह के अंत में फ्रांस दौरे पर जा रहे हैं। दो कारणों से इस दौरे की महत्ता और बढ़ गई है। एक तो मोदी को फ्रांस ने अपने राष्ट्रीय दिवस-बास्टील डे के अवसर पर आमंत्रित किया है। ऐसा आमंत्रण विरले ही राष्ट्राध्यक्षों को मिलता है और दूसरा यही कि यह द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की रजत जयंती वर्ष में आयोजित हो रहा है। भारत और फ्रांस के संबंध अतीत से ही मधुर रहे हैं। कश्मीर मुद्दे से लेकर परमाणु शक्ति जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवादित एवं विभाजित विषयों पर भी फ्रांस भारत के रुख का समर्थन करता रहा। वीटो शक्तिसंपन्न देशों में फ्रांस ही वह पहला देश था जिसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। पिछली सदी के अंतिम दशक में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी ने गति पकड़ी। परमाणु परीक्षणों के बाद जब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने भारत को प्रतिबंधों से लाद दिया, तब उस दौर में भी फ्रांस भारत के प्रति अपेक्षाकृत नरम बना रहा। भारत-फ्रांस रिश्तों की सबसे अच्छी बात यह रही है कि दोनों देशों ने इस मित्रता को 21वीं सदी के अनुरूप ढालने में तत्परता दिखाई है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों का कई वैश्विक मुद्दों पर एक जैसा दृष्टिकोण इसकी पुष्टि करता है। दोनों ही नेता किसी भी साझेदारी में रणनीतिक स्वायत्तता को खासी महत्ता देते हैं। नाटो का सदस्य देश होने के बावजूद फ्रांस ने रूस को लेकर बहुत व्यावहारिक रुख दिखाया। भारत का रवैया भी ऐसा ही रहा। भारत की किसी भी महत्वपूर्ण पहल पर फ्रांस का अक्सर अविलंब मिलने वाला समर्थन भी द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती को दशार्ता है। रिश्तों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी भरा रवैया भी फ्रांस के साथ रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने में बड़ा सहायक सिद्ध हुआ। फ्रांस भारत का एक अहम रक्षा साझेदार है और पीएम मोदी के आगामी फ्रांस दौरे में इस साझेदारी को नया विस्तार मिलने की उम्मीद है। दरअसल, रूस-यूक्रेन युद्ध ने भारत को यह विचार करने पर विवश किया है कि किसी एक देश पर अतिशय सामरिक निर्भरता उचित नहीं। इसलिए भारत विभिन्न देशों के साथ सामरिक साझेदारी बढ़ाने के साथ ही रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसमें फ्रांस जैसे देश बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं जो न केवल अत्याधुनिक अचूक रक्षा उपकरण प्रदान करने के लिए तत्पर हैं, बल्कि उन्हें उनकी तकनीक साझा कर भारत में उनके उत्पादन को प्रोत्साहन देने में भी कोई संकोच नहीं। द्विपक्षीय सामरिक साझेदारी को और गहराई प्रदान करने की दिशा में प्रधानमंत्री के इस दौरे पर फ्रांस के साथ 24 से 30 राफेल-एम (मरीन) विमानों और तीन स्कार्पीन पनडुब्बियों के सौदे पर सहमति बनने की उम्मीद है। अमेरिका के सुपर हार्नेट से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद राफेल-एम भारतीय नौसेना की पसंद बने हैं तो इसके पीछे भी कुछ तार्किक वजह हैं। निःसंदेह, अमेरिकी सुपर हार्नेट बहुत सक्षम विमान है, लेकिन राफेल चूंकि पहले से ही भारतीय सैन्य प्रणाली का हिस्सा बन चुके हैं तो उस श्रृंखला के विमानों की कंपैटिबिलिटी, प्रशिक्षण और रखरखाव अपेक्षाकृत आसान होगा। साथ ही अमेरिकी तकनीक की तुलना में फ्रांसीसी उपकरण भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप ढलने में भी कहीं अधिक सक्षम हैं तो इस सौदे को हमारी नौसेना के लिए उपयुक्त कहा जाएगा। आइएनएस विक्रांत पर इन विमानों की तैनाती भारतीय नौसैन्य बेड़े की मारक क्षमताओं को बढ़ाएगी तो स्कार्पीन पनडुब्बियां हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को सशक्त बनाएंगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र भारत और फ्रांस की साझा चिंता का मोर्चा है। इस क्षेत्र में दोनों देशों के हितों को देखते हुए वे अलग-अलग मंचों पर साझेदारी भी बढ़ा रहे हैं। जहां फ्रांस, आस्ट्रेलिया और भारत के साथ मिलकर एक मोर्चा मजबूत कर रहा है तो अरब सागर में अपने हितों को देखते हुए फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और भारत की तिकड़ी अपना रंग जमा रही है। फ्रांस यात्रा से लौटते हुए पीएम मोदी के संयुक्त अरब अमीरात जाने के भी गहरे निहितार्थ हैं। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांसीसी उद्योग जगत के दिग्गजों से मिलेंगे और उनसे भारत की विकास गाथा साझा करते हुए उसका हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित भी करेंगे। फ्रांस की कई कंपनियां पहले से ही भारत में सक्रिय हैं, जिनका दायरा आने वाले समय में और बढ़ता हुआ दिख सकता है। पिछले कुछ समय से भारत ने विभिन्न पक्षों के साथ मुक्त व्यापार समझौता यानी एफटीए पर बात आगे बढ़ाई है। इसमें यूरोपीय संघ यानी ईयू को भी एक संभावित साझेदार के रूप में देखा जा रहा है। चूंकि फ्रांस ईयू का एक अहम खिलाड़ी है तो संभव है कि मोदी के दौरे के समय एफटीए के मुद्दे पर भी बात आगे बढ़े। सौर गठबंधन, जलवायु परिवर्तन से निपटने और आतंकवाद के विरुद्ध अभियान को तेज करने जैसे मुद्दों पर पहले से चली आ रही सहमति को इस दौरे पर और विस्तार मिल सकता है। फ्रांस भारतीय छात्रों के लिए वीजा का दायरा भी बढ़ा सकता है। दरअसल, आस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में भारी संख्या में पढ़ने के लिए जा रहे भारतीय छात्रों से मिलने वाला लाभ उठाने में अब यूरोपीय देश भी पीछे नहीं रहना चाहते। कुल मिलाकर, पीएम मोदी का यह रिश्ता अगर रणनीतिक साझेदारी की रजत जयंती मनाने के जश्न का अवसर बनेगा तो इसमें दोनों देशों के आगामी 25 वर्षों के रिश्तों की रूपरेखा भी तैयार होगी।

**लेखक आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में विदेश नीति प्रभाग के उपाध्यक्ष हैं।**

# प्रगति की गति बढ़ाएगी समान नागरिक संहिता

देश में समान नागरिक संहिता को लेकर जारी बहस के बीच जाने-माने अर्थशास्त्री प्रो. अमर्त्य सेन ने इसे एक प्रकार का झांसा बताया है। उन्होंने कहा, हम हजारों वर्षों से भिन्न-भिन्न नागरिक संहिताओं के साथ जीते आए हैं और अगले हजार साल और जी सकते हैं। सवाल यह है कि इसे लागू कैसे करेंगे और इसे लागू करने से फायदा किसे होगा? लिंगभेद की समस्या के आर्थिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर गहन शोध करने वाले बुद्धिजीवी सेन से समान नागरिक संहिता पर ऐसी टिप्पणी हैरान कर गई। सेन भलीभांति जानते हैं कि परिवार और समाज में महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक बराबरी और भागीदारी देश की उन्नति के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह जानते हैं कि कुछ समुदायों के घोर विरोध के बावजूद क्यों भारत के संविधान निमार्ता फ्रांस की समान नागरिक संहिता की तर्ज पर भारत में भी ऐसी ही संहिता बनाना चाहते थे। आखिर क्यों आंबेडकर, नेहरू और पटेल को उसे संविधान की मुख्य धाराओं की जगह नीति निर्देशक सिद्धांतों में रखकर ही संतोष करना पड़ा। शाहबानो केस से लेकर 2009 के गोवा के दीवानी केस तक सर्वोच्च न्यायालय भारत सरकार को बारंबार याद दिलाता रहा है कि उसने समान नागरिक संहिता बनाने संबंधी संविधान के अनुच्छेद 44 के निर्देश का पालन नहीं किया है। शाहबानो मामले में पूर्व न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने लिखा था कि संसद को समान नागरिक संहिता की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए, क्योंकि इसी से राष्ट्रीय सामंजस्य और समानता का मार्ग प्रशस्त होता है। चार साल पहले सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ ने ही गोवा के दीवानी मामले में राज्य की पुर्तगाली नागरिक संहिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि गोवा एक ऐसी मिसाल है, जहां प्रत्येक पंथ के नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता है। इसलिए समझ नहीं आता कि प्रो. सेन को समान नागरिक संहिता की बात क्यों मूर्खतापूर्ण एवं आधारहीन लगी। उत्तराधिकार, संपत्ति के बंटवारे, विवाह, तलाक और तलाकशुदा का गुजारा भत्ते जैसे मामलों के कानूनों को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप बनाकर उनमें एकरूपता लाती है। इसलिए इसका संबंध आस्था के बजाय सामाजिक एवं आर्थिक अधिकारों से अधिक है। महिलाओं के वोट बटोरने के लिए राजनीतिक पार्टियां जिस नारी सशक्तीकरण के नारे लगाती हैं उसकी शुरूआत परिवार से होती है। अमेरिका, यूरोप, जापान, चीन, कोरिया और मध्य एशिया के देशों में सभी जगह पारिवारिक संपत्ति में स्त्री और पुरुष का बराबर का हक माना जाता है। बहुविवाह पूरी तरह निषिद्ध है और मुंहबोले तलाक की जगह कानूनी तलाक का ही प्रविधान है, जिसके बाद गुजारा भत्ता देना होता है। कई विकसित देशों में समान नागरिक संहिता भले न हो, लेकिन परिवार के मामलों में देश के कानून ही लागू होते हैं जो लैंगिक समानता पर आधारित हैं। ब्रिटेन और कनाडा जैसे कुछ देश इस्लामी देशों में हुए बहुविवाह को कुछ परिस्थितियों में मान्यता दे देते हैं, लेकिन उनकी धरती पर यह पूर्णतया वर्जित है। तुर्किये, ट्यूनीशिया और मध्य एशियाई देशों के इस्लामी होने के बावजूद शादी, तलाक और संपत्ति के नियम वही हैं, जो यूरोप में हैं। अब करीब तीन चौथाई दुनिया लिंगभेद की परंपराएं छोड़ स्त्री-पुरुष बराबरी के सिद्धांतों को अपना चुकी है। ऐसे में सबके लिए बराबरी की संवैधानिक प्रस्तावना वाले भारत में धार्मिक और कबाइली परंपराओं के नाम पर स्त्रियों के साथ अनुचित भेदभाव कायम रखना बड़ी चिंता का विषय है। बराबरी को लेकर विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र के पैमाने पर भारत का स्कोर 50 से नीचे है, जिसका मुख्य कारण वे भिन्न-भिन्न निजी कानून हैं जो संपत्ति के बंटवारे से लेकर विवाह, तलाक और पारिवारिक जिम्मेदारी तक में स्त्रियों को बराबरी के अधिकार नहीं देते। तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, लेबनान, ट्यूनीशिया, मोरक्को और तुर्किये भी भारत से आगे हैं। सेन ने अपनी पुस्तक द्यद कंट्री आफ फर्स्ट ब्वाएजह्म के लेखों में सिद्ध किया है कि स्त्रियों को परिवारों में बराबरी का हक न मिलना बच्चियों के कुपोषण, अशिक्षा, शोषण और आर्थिक पिछड़ेपन का बड़ा कारण है। बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियां भी संपत्ति के बंटवारे में भेदभाव से जुड़ी हैं। संपत्ति में बराबरी के अधिकार के बिना महिलाओं को कर्ज लेने, अपना कारोबार खोलने और आत्मनिर्भर बनने में कठिनाई होती है। मैकिंजी के अनुसार इस भेदभाव के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 12 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर का नुकसान होता है जिसके लगभग आधे का जिम्मेदार अकेला भारत है। समान नागरिक संहिता भारत के स्त्रीधन की बेड़ियां खोलकर पूरे देश को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर कर सकती है। कितनी बड़ी विडंबना है कि भांति-भांति के प्रलोभनों से छोटे-छोटे धार्मिक, जातीय और क्षेत्रीय समूहों के वोट बटोरने में लगी पार्टियां महिलाओं के हितों को अनदेखा कर समान नागरिक संहिता जैसे नारी-हितकारी मुद्दे पर जनमत को गुमराह करने में लगी हैं और कथित महिला हितैषी संगठन मौन हैं। यह संहिता तो संविधान सभा में ही बन जाती यदि मुस्लिम लीग के सभी 73 सदस्यों, रजवाड़ों के 93 में से अधिकांश प्रतिनिधियों और कांग्रेस के भी कुछ रूढ़िवादियों ने इसका विरोध न किया होता। आंबेडकर ने भी हिंदू कोड बिल के आगे न बढ़ने पर इस्तीफा दिया, लेकिन समान नागरिक संहिता के अनुच्छेद 44 में ठेल दिए जाने पर नहीं। कालांतर में इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल के दौरान किए 42वें संविधान संशोधन से संविधान का आत्मा तो बदल दिया गया, किंतु महिला अधिकारों के लिए समान नागरिक संहिता बनाने की हिम्मत नहीं की।

## Social Media Corner

सच के हक में...



मिजोरम के मुख्यमंत्री श्री जोरमथांगा जी को जन्मदिन की बधाई। वह एक अनुभवी नेता हैं जिन्होंने अपना जीवन मिजोरम के लोगों की भलाई के लिए समर्पित कर दिया है। वह लंबा और स्वस्थ जीवन जिएं।'

**(प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



भ्रष्टाचार पर प्रहार जारी रहेगा। आतंकवाद को जड़ से मिटाया जाएगा। परिवारवाद का विरोध होता रहेगा। देश के विरुद्ध साजिश रचने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। भारत के गौरव – स्वाभिमान की हर हालत में रक्षा की जाएगी। भारत की सांस्कृतिक विरासत और सनातनी मूल्यों का मान रखा जाएगा। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत नए भारत की ओर बढ़ चला है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# देश को लज्जित करता बंगाल

एक क्षण के लिए कल्पना करें कि यदि देश में ईवीएम यानी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के बजाय मतपत्रों से चुनाव हो रहे होते तो क्या होता? शायद वही, जो अभी बंगाल में पंचायत चुनावों के दौरान हुआ। यहां मतदान वाले दिन मतपत्र ही नहीं, मतपेटियां भी लूटी गईं। उन्हें सीवर, नालों, तालाबों में फेंका गया या फिर जला दिया गया। इसके अलावा मतदान अधिकारियों से मतपत्र छीनकर उनमें अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मुहर लगाई गई। मतदान अधिकारी असहाय-निरुपाय होकर लोकतंत्र को कलंकित करने वाली इस अराजकता को देखते रहे। उनके सामने कोई उपाय नहीं था, क्योंकि मतदान केंद्रों में या तो पुलिस थी ही नहीं या फिर वह निष्क्रिय थी। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश से जो केंद्रीय सुरक्षा बल बंगाल भेजे गए थे, उन्हें संवेदनशील स्थानों पर तैनात ही नहीं किया गया या फिर वहां उन्हें देर से भेजा गया। कहीं-कहीं तो तब, जब मतदान हो चुका था। मतदान के दिन बंगाल में केवल इतना ही नहीं हुआ। इस तथाकथित भद्रलोक में अनेक स्थानों पर बम और गोलियां चलीं। बड़े पैमाने पर हिंसा हुई, जिनमें करीब 19 लोग मारे गए। इनमें सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता थे। इसका मतलब है कि सभी दलों ने हिंसा का जवाब हिंसा से देने की तैयारी कर रखी थी। ममता सरकार यह कहकर नहीं बच सकती कि हिंसा में उसके दल के लोग भी मारे गए हैं, क्योंकि हिंसा रोकने की जिम्मेदारी उसी की होती है, जो सत्ता में होता है। यह पहले दिन से स्पष्ट था कि ममता सरकार की चुनावी हिंसा रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं। इसीलिए वह कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी, जिसमें उसने कहा था कि पंचायत चुनावों में केंद्रीय बलों को तैनात किया जाए। ध्यान रहे कि पंचायत चुनाव के लिए नामांकन शुरू होते ही हिंसा और हत्या का दौर शुरू हो गया था। मतदान तिथि के पहले ही बंगाल में एक दर्जन से अधिक लोग मारे जा चुके थे। कायदे से तभी बंगाल सरकार को चेत जाना चाहिए था, लेकिन न वह चेती और न ही राज्य चुनाव आयोग। वह चुनावी हिंसा और अराजकता को रोकने में नाकारा साबित हुआ। बंगाल में मतपत्रों के जरिये पंचायत चुनाव पांच साल पहले भी हुए थे और तब भी बड़े पैमाने पर उनकी लूट हुई थी और उपद्रवी मतपेटियां लेकर भाग गए थे। इस सबके बाद भी कई राजनीतिक दल समय-समय पर ईवीएम के बजाय मतपत्रों के जरिये चुनाव कराने की मांग करते रहते हैं। यह मांग तब और तेज हो जाती है, जब वे किसी चुनाव में पराजित हो जाते हैं। हिमाचल और कर्नाटक के चुनाव नतीजों के बाद ऐसी कोई मांग नहीं सुनाई दी, क्योंकि इन राज्यों के नतीजे ईवीएम का विरोध करने वाले दलों के अनुकूल रहे। इसे भूला नहीं जा सकता कि मतपत्रों के जरिये होने वाले चुनावों में अराजकता और नतीजों में देरी के बाद भी किस तरह विभिन्न दलों का मतपत्र प्रेम रह-रहकर जागता रहता है। पिछले साल अगस्त में कांग्रेस समेत 11 विपक्षी दलों ने एक बैठक कर ईवीएम के खिलाफ लड़ने का संकल्प लिया था। इन दलों ने ईवीएम को भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे गंभीर खतरा बताया था। आपको शायद वह प्रसंग भी याद होगा, जब दिल्ली विधानसभा में खुद को इंजीनियर बताने वाले एक विधायक ने एक नकली ईवीएम के कलपुर्जे निकालकर यह सिद्ध करने की हास्यास्पद कोशिश की थी कि उसमें छेड़छाड़ की जा सकती है। विधानसभा के भीतर यह हरकत इसीलिए की गई थी ताकि चुनाव आयोग की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। यह भी याद करते चलिए कि जब चुनाव आयोग ने ईवीएम में छेड़छाड़ कर सकने की चुनौती दी थी तो किस तरह किसी भी दल ने उसे स्वीकार करने का साहस नहीं दिखाया था। हालांकि चुनाव आयोग ने ईवीएम में छेडछाड़ की हरसंभव आशंका को खत्म करने के प्रयत्न किए हैं और वे कसौटी पर खरे भी साबित हुए हैं, लेकिन ऐसे दलों की कमी नहीं, जो जब-तब मतपत्रों के जरिये चुनाव कराने का राग अलापते रहते हैं।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



आमतौर पर शहरों में देखा जाता है कि मोहल्लों में जगह-जगह घरों के बाहर या सार्वजनिक स्थान पर सरकारी जलापूर्ति के नल लगे रहते हैं। जिन लोगों ने पानी का कनेक्शन नहीं लिया होता है, वे इन नलों से पानी लेकर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। कई घरों को भोजन-पानी इन्हीं नलों के सहारे होता है। अपने राज्य की राजधानी में ऐसी व्यवस्था कुछ खास नजर नहीं आती। एक तो जलापूर्ति की व्यवस्था ही काफी खराब है। यही कारण है कि लोगों ने निजी स्तर पर अपने-अपने घरों में बोरिंग करा रखी है। कहने की जरूरत नहीं है कि ज्यादातर में नियमों का पालन नहीं किया जाता। नियम-कानून की दुहाई देकर चाहे इनका विरोध किया जाए या कार्रवाई की जाए, सोचने की जरूरत यह है कि यदि इन्हें जरूरतों को पूरी करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो तो निजी बोरिंग कराने की जरूरत ही क्यों पड़े। पेयजलापूर्ति की ध्वस्त व्यवस्था के कारण ही हर गली-मोहल्ले में लोगों ने वाटर प्लांट लगा रखा है। पानी बेचने का धंधा खूब फलफूल रहा है। लोग पैसे देते हैं और ढो-ढोकर जार में पानी भरकर ले जाते हैं। नगर की सरकार को ये सब क्यों नहीं नजर आता, यह समझ से परे है। टैक्स का पैसा आखिर जा कहां रहा है। आम जगहों की तो बात छोड़िए, शहर के अस्पतालों में भी पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। जो कुछ है भी तो उसकी देखरेख, मेंटेनेंस की स्थिति काफी खराब है। रिम्स में लगे वाटर प्यूरीफायर खराब पड़े हैं। धंधेबाज पानी बेच रहे हैं।

**वसीम पत्रकार, रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# अश्विन और जडेजा ने वेस्टइंडीज को 150 पर समेटा, भारत ने बनाये बिना किसी नुकसान के 80 रन

**रोसेउ (एजेंसी)।** अनुभवी स्पिनर आर अश्विन और रविन्द्र जडेजा की अच्छी गेंदबाजी से भारतीय टीम ने यहां मेजबान वेस्टइंडीज को पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले ही दिन पहली पारी में 150 रनों पर ही समेट दिया। अश्विन ने 24.3 ओवर में 60 रन देकर 5 विकेट जबकि जडेजा ने 14 ओवरों में 26 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके बाद भारतीय टीम ने दिन का खेल समाप्त होने के समय तक बिना किसी नुकसान के अपनी पहली पारी में 23 ओवर में 80 रन बना लिए थे। टेस्ट पदार्पण करने वाले यशस्वी जयसवाल 40 और कप्तान रोहित शर्मा 30 रनों पर खेल रहे थे। भारतीय टीम मेजबान वेस्टइंडीज के पहली पारी के स्कोर से केवल 70 रन पीछे है और उसके सभी पास सभी विकेट हैं। ऐसे में अब भारतीय टीम के पास दूसरे दिन अच्छा स्कोर कर बड़ी बढ़त हासिल करने का अवसर है।

इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का मेजबान टीम का फैसला गलत रहा और एलिक अथानाज़ को 47 छोड़कर उसके बाकि बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के सामने टिक नहीं पाये। अश्विन ने कप्तान क्रैग ब्रैथवेट को 20, तेजनारायण चंद्रपॉल को 12, एलिक अथानाज़ को 47, अल्जारी जोसेफ को 4 और जोमेल वारिकन को 1 रन पर आउट कर वेस्टइंडीज की कमर ही तोड़ दी।

इसके बाद रही सही कसर जडेजा ने तीन खिलाड़ियों को आउट कर निकाल दी।

इससे पहले मेजबान टीम की ओर से अपना पहला ही अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे बल्लेबाज एलिक ही कुछ हद तक रन बना पाये। मेजबान टीम के बल्लेबाजों की कमजोर एक बार फिर सामने आ गयी।

एलिक ने अपनी बल्लेबाजी से पारी को संभालने का प्रयास किया पर वह सफल नहीं हुए। वहीं भारत की ओर से अश्विन ने इस मैच में अहम उपब्धि हासिल करते हुए अपने 700 विकेट पूरे किये। इस स्पिनर ने इसके साथ ही इस मैच में 33 वीं बार पांच विकेट लेने की उपलब्धि भी हासिल की। अश्विन अब दिग्गज स्पिनर कुंबले 956 और हरभजन सिंह 711 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं।



# नाडा ने विनेश को नोटिस दिया



**ओसियेक (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। महिला पहलवान विनेश फोगाट मुश्किल में पड़ गयी हैं। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने पता-ठिकाने की आवश्यकताओं का पालन करने में असफल रहने पर उन्हें नोटिस दिया है। एक डोपिंग नियंत्रण अधिकारी (डीसीओ) ने उनके दिये पते का दौरा किया पर विनेश उस स्थान पर नहीं मिली। इसके बाद फोन से भी उनसे संपर्क नहीं किया जा सका। इस मामले में उनके पति सोमवीर राठी ने भी कोई जवाव नहीं दिया। इससे देखते हुए नाडा के परियोजना अधिकारी अंकुश गुप्ता ने विनेश से पता-ठिकाना आवश्यकताओं का अनुपालन न करने के संबंध में जवाब मांगा है। इस नोटिस का जवाब देने के लिए विनेश के पास 14 दिन का समय है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह पहली बार है कि उसके ठिकाने का पता नहीं चल पाया है। नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में एक एथलीट को हर तिमाही में ठिकाने की जानकारी प्रदान करनी होती है जिसमें घर का पता, ईमेल पता और फोन नंबर देना होता है। इसके साथ ही प्रतियोगिता कार्यक्रम और स्थान और प्रत्येक दिन के लिए 60 मिनट का समय स्लॉट जहां वह परीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगा। 12 महीने की अवधि के भीतर तीन पता-ठिकाने विफलताओं को देने में असफल रहने पर नाडा एंटी डोपिंग नियमों - अनुच्छेद 2.4 के तहत डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन है, जिसके कारण उनपर 4 साल तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। वहीं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के पूर्व कोच सिंह ने सुझाव दिया कि नाडा को विनेश के साथ ही बजरंग पुनिया पर नजर रखनी चाहिए, क्योंकि दोनों को एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप से पहले विदेश में प्रशिक्षण के लिए खेल मंत्रालय से हरी झंडी मिल गई है।

# अश्विन से पहले चार अन्य गेंदबाजों के नाम भी है पिता , पुत्र दोनो को आउट करने का रिकार्ड

**रोसेउ (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने तेजनारायण चंद्रपॉल का विकेट लेते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अश्विन ने अपने करियर के दौरान तेजनारायण के पिता शिवनारायण चंद्रपॉल को भी आउट किया था। चंद्रपॉल वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज रहे हैं। अश्विन यह रिकार्ड बनाने वाले एकमात्र गेंदबाज नहीं हैं। इससे पहले चार अन्य गेंदबाजों ने ये कारनामा किया था।।



## ये गेंदबाज हैं

**इयान बॉथम:** इंग्लैंड के महान ऑलराउंडर इयान बॉथम टेस्ट में पिता और पुत्र दोनो को आउट करने वाले पहले गेंदबाज थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के लांस केर्न्स और उनके बेटे क्रिस केर्न्स को आउट किया था।

**वसीम अकरम:** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भी लांस और क्रिस केन्स को आउट किया था। लांस ने 43 टेस्ट खेले थे जबकि क्रिस ने 62 टेस्ट खेले थे।

**मिचेल स्टार्क:** वहीं टेस्ट क्रिकेट में पिता और पुत्र दोनों को आउट करने वाले तीसरे गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं। स्टार्क ने शिवनारायण चंद्रपॉल को अपने करियर की शुरुआत में जबकि गत वर्ष तेजनारायण को आउट किया था।

**साइमन हार्मर:** अनजान से गेंदबाज रहे दक्षिण अफ्रीका के साइमन हार्मर ने केवल 10 टेस्ट मैच ही खेले हैं। साल 2015 में उन्होंने शिवनारायण चंद्रपॉल को आउट किया था। वहीं इस साल की शुरुआत में उनके बेटे तेजनारायण का विकेट लिया था।

# दलीप ट्रॉफी फाइनल : विद्वत कावेरप्पा के 4 विकेट, दक्षिण क्षेत्र ने दबदबा बनाया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दक्षिण क्षेत्र के तेज गेंदबाजों ने गुरुवार को यहां दलीप ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन पश्चिम क्षेत्र के स्टंप तक 129 रन के स्कोर पर सात विकेट झटककर पहले दिन टीम के खराब प्रदर्शन की भरपायी करने में मदद की। पश्चिम की टीम अब भी दक्षिण क्षेत्र से 84 रन से पिछड़ रही है। इससे पहले दक्षिण क्षेत्र की टीम पहली पारी में 213 रन पर सिमट गयी थी जिसने सुबह सात विकेट पर 182 रन से खेलना शुरु किया था।

पृथ्वी शॉ और हार्विक देसाई ने पश्चिम क्षेत्र को एक विकेट पर 97 रन के स्कोर तक पहुंचाया। शॉ ने अपनी 65 रन की पारी के दौरान कुछ शानदार शॉट लगाये। शॉ बड़ी पारी की ओर बढ़ रहे थे और साफ दिख रहा था कि दक्षिण के गेंदबाजों को दूसरे विकेट की साझेदारी तोड़ने के लिए कुछ विशेष करना होगा। और यह काम शायद 65 मिनट के बारिश के ब्रेक ने कर दिया जो दूसरे सत्र में आयी। इससे दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों को अपनी रणनीति पर दोबारा विचार करने का समय भी मिल गया।

ब्रेक के बाद मैदान पर उनके गेंदबाजों के बदले रवैये को स्पष्ट देखा जा सकता था। वी विजयकुमार ने शॉ और हार्विक देसाई (21 रन) को अपनी शॉर्ट पिच गेंदबाजी से परेशान किया। विद्वत कावेरप्पा ने हार्विक देसाई को आउट कर यह भागीदारी तोड़ी। वी विजयकुमार ने शॉ को अपर कट शॉट खेलने के लिए बाध्य किया और यह थर्ड मैन पर खड़े विद्वत कावेरप्पा के हाथों में समा गया। उन्होंने 101 गेंद की पारी के दौरान नौ बाउंड्री लगाई।



सूर्यकुमार यादव ने अपने चिर परिचित टी20 क्रिकेट अंदाज में खेलना शुरू किया और इसी चक्कर में एक बार आउट होने से बचे। लेकिन जल्द ही उनकी पारी का अंत हो गया, मुंबई का यह बल्लेबाज विद्वत कावेरप्पा की गुडलेंथ गेंद पर हनुमा विहारी के हाथों कैच आउट हुआ। विद्वत कावेरप्पा ने जल्द ही सरफराज खान को पगबाधा आउट किया जो खाता भी नहीं खोल सके। इससे आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी और अब जिम्मेदारी चेतेश्वर पुजारा के कंधों पर थी लेकिन यह अनुभवी बल्लेबाज इस दफा इसे निभाने में असफल रहा। विद्वत कावेरप्पा की गेंद पर आर समर्थ के कैच ने पुजारा की पारी खत्म की।

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप : ज्योति ने 100 मीटर बाधा दौड़ में जीता गोल्ड



बैंकॉक ।ज्योति याराजी ने गुरुवार को यहां महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में पहला स्थान हासिल करके एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का स्वर्ण पदक का खाता खोला। 23 वर्षीय ज्योति ने फाइनल में 13.09 सेकंड का समय लेकर जापान की दो धाविकाओं टेराडा असुका (13.13 सेकेंड) और आओकी मासुमी (13.26 सेकेंड) को पीछे छोड़ा। ज्योति का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.82 सेकंड है।अभिषेक पाल ने बुधवार को पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर भारत का पदक का खाता खोला था।

# पन्नू ने एकदिवसीय विश्वकप में हमले की धमकी दी



वॉशिंगटन ।खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले क्रिकेट विश्व कप में अहमदाबाद स्टेडियम में आतंकी हमले की धमकी दी है। पन्नू ने सोशल मीडिया पर अपने एक वीडियो में अपनी साथी हरदीप सिंह निज्जर की मौत का बदला लेने की भी धमकी दी है। निज्जर को कुछ समय पहले ही कनाडा में अज्ञात लोगों ने गोली मार दी थी। पन्नू ने एक वीडियो जारी किया है।पन्नू अमेरिका में मौजूद एक अलगाववादी समूह का संस्थापक है। पन्नू ने मांग की थी कि जब तक उन्हें एक नया देश नहीं मिल जाता तब तक क्रिकेट विश्व कप का आयोजन नहीं होना चाहिये। गौरतलब है कि जुलाई 2020 में पन्नू को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से पन्नू को आतंकी घोषित किया गया था। इसके दो महीने बाद गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 51 ए के तहत भारत में उसकी संपत्ति की कुर्की की गई थी। वहीं पन्नू अमेरिका से लगातार भारत के खिलाफ बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहा है।पन्नू ब्रिटेन में मौजूद आतंकी परमजीत सिंह पम्मा और मारे गए आतंकी निज्जर के साथ काम कर चुका है। अब वह अपने बयानों से लोगों को भड़काता नजर आया है। पिछले पन्नू की सड़क हादसे में मौत की खबर भी आई थी पर बाद में वह अफवाह निकली। इसके बाद पन्नू ने एक वीडियो जारी कर बताया कि वह जिंदा है और उसकी मौत की खबरें गलत थीं। पन्नू लगातार भारत के खिलाफ अपने अभियान के तहत ही युवाओं को आतंकवाद की ओर धकेलने का प्रयास कर रहा है जिसमें मिल रही असफलता और अपने साथियों के मारे जाने से भी वह हताशा में अब विश्वकप को निशाना बनाये की गीदड़ भभकियां दे रहा है।

# टी20 : बांग्लादेश से हारा भारत, लेकिन सीरीज पर किया 2-1 से कब्जा

**मीरपुर (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम तीन टी20आई मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में बांग्लादेश से 4 विकेट से हार गई है। भारत ने 103 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे बांग्लादेश ने 10 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। हालांकि, भारत ने सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया।

भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 41 गेंद में 40 रन बनाये जिसके बाद अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी क्रम चरमराने से भारत ने 11 रन के अंदर छह विकेट गंवा दिये। लेग स्पिनर राबिया खान ने बांग्लादेश के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उन्होंने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट झटके। ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने पावरप्ले में प्रभावित किया, उन्होंने शेफाली वर्मा (11 रन) और स्मृति मंधाना (01) की सलामी जोड़ी को आउट किया। मारूफा अख्तर ने भी दो विकेट हासिल किये।



इस कम स्कोर वाली पूरी श्रृंखला के दौरान पिच काफी पेचीदा रही है जिसे देखते हुए हरमनप्रीत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली और मंधाना की सलामी जोड़ी एक बार फिर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाने में विफल रही जिससे छह ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 27 रन हो गया। जेमिमा रोड्रिग्स (26 गेंद में 28 रन) और हरमनप्रीत ने तीसरे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी निभाकर पारी आगे बढ़ायी। लेकिन लेग स्पिनर शोर्ना अख्तर ने रोड्रिग्स की पारी खत्म कर इस भागीदारी को तोड़ा। रोड्रिग्स ने अपनी पारी के दौरान सकारात्मक जज्बा दिखाया और स्पिनरों के खिलाफ अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया। हरमनप्रीत के 17वें ओवर में स्टंप आउट होने के बाद लगातार विकेट गिरते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाज बाउंड्री नहीं लगा सकीं।

# चेन्नईयिन एफसी ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जोर्डन मरे के साथ किया करार

चेन्नई : इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सत्र से पहले ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉलर जोर्डन मरे के रूप में पहले विदेशी खिलाड़ी के तौर पर करार किया। जोर्डन (27 वर्ष) पिछले सत्र में थाईलैंड के क्लब नाखोन रातचासिमा एफसी की ओर से खेले थे। वह पहले भी आईएसएल में खेल चुके हैं। जोर्डन ने 2020-21 सत्र में केरला ब्लास्टर्स एफसी की ओर से खेलते हुए आईएसएल में डेब्यू किया था और फिर वह 2021-22 सत्र में जमशेदपुर एफसी के लिये खेले थे जिसमें उन्होंने आईएसएल शील्ड भी जीती थी। आईएसएल के इन दो सत्र में उन्होंने 34 मैचों में 11 गोल दागे थे।

# सायना ने अमरनाथ यात्रा में सहायता के लिए आभार जताया



श्रीनगर ।महिला बैडमिंटन स्टार सायना नेहवाल ने बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा के दर्शनों के साथ ही अपनी अमरनाथ यात्रा पूरी की है। इस दौरान सायना के साथ उनकी मां भी थीं। सायना ने उन्हें और उनके परिवार को सफलतापूर्वक अमरनाथ यात्रा में सहायता के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार के साथ ही स्थानीय लोगों के प्रति आभार जताया। सायना ने कहा, यह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत अच्छा दिन है। हम यात्रा पर होने के लिए भाग्यशाली हैं। मैं हमारी इतनी अधिक सहायता के लिए सरकार और स्थानीय लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं। साथ ही कहा कि इस यात्रा से वह भी धन्य महसूस कर रही थी क्योंकि उसने और उसकी माँ ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किये थे।

# विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय अभियान की अगुआई करेंगी मीराबाई चानू

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू सितंबर में सऊदी अरब के रियाद में होने वाली विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में फिर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। दो बार की पदक विजेता चानू (49 किग्रा) के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता बिंदियारानी देवी (55 किग्रा) और अचिंता शेयुली (73 किग्रा), शुभम टोडकर (61 किग्रा) और नारायण अजीत (73 किग्रा) भी इस विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

टोडकर को छोड़कर यही टीम एशियाई खेलों में भाग लेगी। मई में एशियाई चैम्पियनशिप में छठे स्थान पर रहने के बाद यह तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चानू की पहली प्रतियोगिता होगी। चानू और बिंदियारानी इस समय पूर्व भारोत्तोलक से फिजियोथेरेपिस्ट और 'स्ट्रेंथ एंव कंडिशनिंग' कोच बने डा आरोन होर्शिग के मार्गदर्शन में 65 दिन के शिविर के लिए अमेरिका में हैं। राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा भी इस वक्त अमेरिका में हैं।



उन्होंने कहा, 'मीरा चोटिल नहीं है, हम उसके मजबूत पक्षों पर काम कर रहे हैं। वह विश्व चैम्पयनशिप और एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगी।' विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के बीच काफी कम समय का अंतर है। विश्व चैम्पियनशिप आमतौर पर साल के अंत में नवंबर और दिसंबर में कराई जाती है, लेकिन इस बार यह चार सितंबर से शुरु हो रही है और एशियाई खेल 20 दिन के अंदर चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से शुरु होंगे।

एशियाई खेल 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट नहीं है और चानू के पदकों में केवल एशियाड पदक की कमी है। पूर्व विश्व चैम्पियन चानू पिछले साल दिसंबर में विश्व चैम्पियनशिप के पिछले चरण में एक रजत पदक जीता था। लेकिन 2024 ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियम के अंतर्गत 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 विश्व कप में हिस्सा लेना अनिवार्य है। इन दोनों के अलावा एक भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैम्पियनशिप, 2023 महाद्वीपीय चैम्पियनशिप, 2023 ग्रां प्री 1, 2023 ग्रां प्री 2 और 2024 महाद्वीपीय चैम्पियनशिप में से तीन में शिरकत करना होता है।

## भारतीय टीम

**महिला :** मीराबाई चानू (49 किग्रा), बिंदियारानी देवी (55 किग्रा)

**पुरुष :** अचिंता शेयुली (73 किग्रा), शुभम टोडकर (61 किग्रा) और नारायण अजीत (73 किग्रा)

# अमेरिकी ओपन : सिंधू और लक्ष्य पहले दौर में जीते, साई प्रणीत हारे

काउंसिल ब्लफ्स ।ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने यहां अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के पहले दौर में जीत दर्ज की। सिंधू ने भारतीय मूल की अमेरिकी खिलाड़ी दीक्षा गुप्ता को महज 27 मिनट में 21-15, 21-12 से पराजित किया तो सेन ने फिनलैंड के काले कोलजोनेन को 30 मिनट के अंदर 21-8, 21-16 से हरा दिया। पुरुष एकल के एक अन्य मैच में एस एस सुब्रमण्यम ने पहले दौर में आयरलैंड के प्रतिद्वंद्वी नहाट एनगुएन को 44 मिनट में 21-11, 21-16 से शिकस्त दी। बी साई प्रणीत को हालांकि दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लि शि फेंग से तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में चीन के दूसरे वरीय शि फेंग ने प्रणीत को 16-21, 21-14, 21-19 से हराया। एक अन्य महिला एकल मैच में भारत की 61वीं रैंकिंग की रूतविका शिवानी को हार मिली। मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैम्पियन पी कश्यप अपने दूसरे मैच में रिटायर्ड हो गये थे। उन्होंने पहले मैच में इंग्लैंड के रोहन मिधा को हराया था। कृष्णा प्रसाद गारागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की पुरुष युगल जोड़ी भी पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सकी, उन्हें चीनी ताइपे के लिन यु चिए और सु लि वेई से सीधे गेम में 14-21, 14-21 से हार मिली।

# सुनील गावस्कर का खुलासा, कोई बल्लेबाज तकनीकी जानकारी के लिए उनके पास नहीं आया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारतीय बल्लेबाजों के आउट होने पर अपने विचार साझा किए। भारतीय टीम क्रमशः न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2021 और 2023 में लगातार दो डब्ल्यूटीसी फाइनल हार गई। हार में भारतीय बल्लेबाजी टीम इंग्लैंड की सीमिंग पिचों पर गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाजों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने में विफल रही।

बड़े मंच पर स्टार भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप की लगातार विफलता निराशाजनक है लेकिन पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज हैरान है क्योंकि कोई भी वर्तमान भारतीय बल्लेबाज अंतर्दृष्टि के लिए उनके पास नहीं आया है। उन्होंने कहा, 'अगर बल्लेबाज बार-बार वही गलतियां कर रहे हैं, तो आपको यह पूछने की जरूरत है कि आपकी तकनीक के साथ क्या हुआ है। आपने बैटर को बेहतर बनाने का प्रयास कैसे किया है? क्या आपने उसे यह बताने की कोशिश की है, शायद कोई अलग गार्ड ले लें? लेग-स्टंप गार्ड न लें, मिडिल और ऑफ-स्टंप गार्ड लें।'

गावस्कर ने वीरेंद्र सहवाग के बारे में एक दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए कहा, 'मुझे याद है एक बार अचानक वीरेंद्र सहवाग को फोन किया था। वह ज्यादा रन नहीं बना रहे थे। मैंने उससे कहा, 'वीरू, जरा ऑफ स्टंप गार्ड आजमाओ।' तो उन्होंने पूछा, 'क्यों सनी भाई?' तो मैंने उनसे कहा, 'देखिए आप अच्छे फुटवर्क के लिए नहीं जाने जाते।'

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने अंत में कहा, 'क्या हो रहा है, कभी-कभी जब आप आउट हो रहे होते हैं, तो आप डिलीवरी के लिए पहुंच रहे होते हैं और यह आपके लिए चीजों को कठिन बना देता है। इसलिए, हो सकता है कि यदि आप ऑफ-स्टंप गार्ड लेते हैं तो आपको तुरंत पता चल जाएगा कि गेंद ऑफ-स्टंप के बाहर है।



THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Friday, 14 July 2023

# तृप्ति डिमरी और एमी विर्क संग नजर आएंगे विक्की कौशल



फिल्ममेकर करण जौहर जल्द ही रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ निर्देशन के क्षेत्र में वापसी करने जा रहे हैं। वहीं इस फिल्म की रिलीज से पहले करण ने अपने प्रोडक्शन वेंचर की अगली फिल्म की घोषणा भी कर दी है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क नजर आने वाली हैं। करण जौहर निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी

प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन आनंद तिवारी कर रहे हैं। इस फिल्म की जानकारी देते हुए करण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा, एक फिल्म जो विभिन्न कारणों से मेरे दिल के बेहद करीब हैज. अमृतपाल सिंह बिंद्रा (निर्माता और मेरे लिए परिवार) न केवल सामग्री और प्रतिभा की ताकत बन गए हैं, बल्कि मुझे इस बात पर गर्व है कि उन्होंने गर्मजोशी और रचनात्मकता की कंपनी कैसे बनाई है। एक कंपनी जो किसी भी व्यावसायिकता से ऊपर सद्भावना रखती है। आनंद तिवारी, उनके साथी और हमारी फिल्म के निर्देशक, सुनहरे दिल वाले शहर के सबसे मज़ेदार व्यक्ति हैं। उनकी फिल्म दोनों को पूर्ण रूप से दर्शाती है।




*बॉलीवुड में बनते बिगड़ते रिश्ते कोई नई बात नहीं है। जहां कुछ सेलेब्स करीब आते हैं, तो बहुत से सितारों के रिश्ते तलाक की चौखट तक पहुंच जाते हैं। कुछ ऐसा ही रिश्ता था सिंगर और एक्ट्रेस सुचित्रा कृष्णमूर्ति और निर्देशक शेखर कपूर का।*

### तलाक के वर्षों बाद शादी पर खुलकर बोलीं एक्ट्रेस

## सुचित्रा ने शेखर कपूर को कहा

# बेवफा

सुचित्रा कृष्णमूर्ति और शेखर कपूर ने 12 साल तक शादी निभाने के बाद साल 1999 एक-दूसरे से तलाक ले लिया था। 2020 में दोनों के बीच हुए संपत्ति विवाद के कारण कपल फिर से चर्चा में आ गया था और अब एक इंटरव्यू में, सुचित्रा ने निर्देशक के साथ अपनी उथल-पुथल भरी शादी के बारे में खुलकर बात की.

सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने हाल ही में फिल्म निर्माता शेखर कपूर के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात की और स्वीकार किया कि निर्देशक ने उनकी शादी के दौरान उन्हें धोखा दिया था।

सुचित्रा ने शेखर को बेवफा बुलाते हुए बताया कि कैसे वह शेखर के प्रति टीनऐज से ही जुनूनी थीं और उनकी शादी आई चुनौतियों पर भी चर्चा की। हाल ही में एक इंटरव्यू में सुचित्रा ने कहा कि शेखर कपूर ने उन्हें धोखा दिया था, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि शादियां बेवफाई के कारण नहीं टूटतीं। वह बोलीं, मुझे नहीं लगता कि शादियां बेवफाई के कारण टूटती हैं, वे डिसरिस्पेक्ट के कारण टूटती हैं। वह बोलीं, मेरे पति नहीं चाहते थे कि मैं अभिनय करूं। लेकिन मेरे लिए यह कोई बड़ी बात नहीं थी।

मैं नॉन फिल्मी परिवार से आई हूं। जब मैं स्कूल और कॉलेज में थी, तभी मुझे फिल्मों के ऑफर मिलने लगे। कॉलेज में मुझे कभी हां कभी ना करने का ऑफर मिला था। जब मैं कॉलेज में थी, मैंने एक मलयालम फिल्म की थी। मेरे माता-पिता बहुत सख्त थे, वे नहीं चाहते थे कि मैं अभिनय करूं। लेकिन मैंने उनसे झूठ बोला और एक फिल्म की शूटिंग के लिए कोच्चि चली गई। उसके बाद मैंने कई फिल्में कीं जो सुपरहिट रहीं। वह अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए बोलीं, लेकिन तब मेरे पति बिल्कुल स्पष्ट थे कि वह नहीं चाहते कि उनकी पत्नी अभिनय करे। मैं उस व्यक्ति की सोच को समझने के लिए बहुत भोली थी, जो आपसे काम न करने के लिए कह रहा था। लेकिन मेरे लिए यह कोई बड़ी बात नहीं थी, मुझमें महत्वाकांक्षा से ज्यादा प्रतिभा थी। इसलिए मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे जीवन में कभी कुछ रुकेगा, हालांकि ऐसा हुआ। सुचित्रा ने यह भी कहा कि उनके माता-पिता शेखर से उनकी शादी के खिलाफ थे क्योंकि सुचित्रा और शेखर के बीच उम्र का काफी अंतर था।

सुचित्रा ने बताया, मेरे माता-पिता इस शादी के खिलाफ थे क्योंकि शेखर उस समय मेरी मां की उम्र के थे और वह तलाकशुदा थे और फिल्म इंडस्ट्री से थे। मेरी मां मेरे पैरों में गिर गई थीं और मुझसे यह शादी न करने की विनती कर रही थीं। उन्होंने मुझसे अफेयर करने और इसे अपने दिमाग से बाहर निकालने के लिए कहा। लेकिन मुझे यकीन था कि मैं यही चाहती हूं और यह कुछ ऐसा है जिसे मैं खुद लेकर आई हूं।

# जवान के टीजर पर करण जौहर का आया रिएक्शन

मेगास्टार शाहरुख खान की अपकमिंग हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर जवान का प्रीव्यू सोमवार को जारी किया गया, जिसने हर किसी को एक्साइटेड कर दिया है। प्रीव्यू में नयनतारा को हार्ड-कोर एक्शन में देखा गया। वहीं शाहरुख का नया लुक सामने आया, जिसमें वह गंजे दिखाई दे रहे हैं। इसमें विजय सेतुपति, दीपिका पादुकोण और सान्या मल्होत्रा की भी झलक दिखाई गई। इसे ब्लॉकबस्टर बताते हुए, फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी में अपने भाई (शाहरुख) की तारीफ की और लिखा, भाई!! यह एक ब्लॉकबस्टर जगरनॉट बनने जा रही है! वाह, मैं इंतजार नहीं कर सकता!! करण जौहर ने इसके साथ रेड हार्ट इमोजी का भी इस्तेमाल किया। निर्देशक सुजॉय घोष ने प्रीव्यू की झलकियां साझा कीं और कहा- यार, जवान ट्रेलर के आखिरी कुछ सेकंड.... मनोरंजक चीजें! मैं आपको सैल्यूट करता हूं शाहरुख, बहुत अच्छा!! झूमे जो जवान... एक्ट्रेस राशि खन्ना ने फायर और हार्ट इमोजी के साथ कमेंट किया, उफ्फ!!!। जवान रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रस्तुति है, जो एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित है। यह 7 सितंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।





# मिर्जापुर 3 को लेकर नई अपडेट आई सामने, रसिका ने शुरू की डबिंग

पंकज त्रिपाठी और अली फजल की वेब सीरीज मिर्जापुर के दोनों सीजन को फैंस का खूब प्यार मिला है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। मिर्जापुर 3 की शूटिंग लखनऊ में हुई है और कुछ महीने पहले ही में शूटिंग रैप हुआ है। वहीं अब इस सीरीज में कालीन भैया की पत्नी बीना त्रिपाठी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने मिर्जापुर 3 को लेकर एक अपडेट शेयर किया है। रसिका ने मिर्जापुर 3 के लिए डबिंग का काम शुरू कर दिया है। रसिका दुग्गल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की हैं। जिसमें वह डबिंग स्टूडियो में मॉनिटर के सामने खड़ी नजर आ रही हैं। रसिका ने पोस्ट शेयर कर लिखा, तैयार रहिए, मिर्जापुर 3 की डबिंग शुरू हो गई है। रसिका के इस पोस्ट से साफ है कि मिर्जापुर 3 का पोस्ट प्रोडक्शन अंतिम चरण की ओर बढ़ गया है। वेब सीरीज मिर्जापुर का पहला पार्ट साल 2018 में आया था और इसके ठीक दो साल बाद सीजन 2 स्ट्रीम हुआ था। मिर्जापुर 3 में पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी, अली फजल, राजेश तैलंग, रसिका दुग्गल, हर्षिता शेखर गौंड, श्वेता त्रिपाठी, अंजुम शर्मा, शीबा चड्ढा, अमित सियाल, ईशा तलवार और मनु ऋषि चड्ढा जैसे स्टार्स अपने अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



# करीना बहुत ही मेहनती और टैलेंटेड हैं: हंसल मेहता

बॉलीवुड के जाने माने निर्देशक हंसल मेहता अपनी वेब सीरीज 'स्कूप' को लेकर खूब सुर्खियां बटोर चुके हैं। दर्शकों को भी यह वेब सीरीज काफी पसंद आई थी और फैंस ने भी इस सीरीज को अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी। अब हंसल एक बार अपने आगामी प्रोजेक्ट से साथ दर्शकों के समक्ष आ खड़े हुए है। इस फिल्म में वह करीना कपूर के साथ काम करने वाले हैं। अब निर्देशक ने करीना के साथ काम करने का अपना अनुभव बताया है। वेब सीरीज 'स्कूप' की सफलता के बाद फिल्म निर्माता हंसल मेहता वर्तमान में करीना कपूर के साथ एक अनटाइटल्ड थ्रिलर फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें अभिनेत्री एक जासूस की भूमिका निभाते नजर आएंगी। यह फिल्म को मुख्य रूप से लंदन में शूट किया गया है। इस फिल्म को एक नॉयर ड्रामा कहा जा रहा है। हाल ही में, एक साक्षात्कार में, मेहता ने अपनी फिल्म की मुख्य स्टार करीना के बारे में खुलकर बात की और कहा कि उनके साथ काम करना बेहद खुशी की बात है। निर्देशक ने उन्हें एक अच्छा कलाकार बताते हुए कहा कि फिल्म में हर कोई करीना का नया रूप देखेगा। उन्होंने आगे कहा कि बेबो के साथ उनका व्यवहार वैसा ही है जैसा वह राजकुमार राव, मोहम्मद जीशान अय्यूब और करिश्मा तन्ना के साथ साझा करते हैं। अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर हंसल ने कहा, 'मैं एक संगीतमय और रोमांटिक फिल्म बनाना चाहता हूं। समस्या यह है कि बताने के लिए बहुत सारी कहानियां हैं, तलाशने के लिए बहुत सारी शैलियां हैं। मुझे लगता रहता है कि इन सब के लिए हमारे पास समय बहुत कम है।



# मुझे मेल नहीं, बस फीमेल फैन्स से मतलब है : कुशाल टंडन

पॉपुलर टीवी एक्टर कुशाल टंडन टीवी शो बरसातें मौसम प्यार का से कई साल बाद वापसी कर रहे हैं। कुशाल की चाहत है कि उन्हें मिर्जापुर जैसी वेब सीरीज करने का मौका मिले। उनकी ख्वाहिश है कि लोग लुक्स के बजाय उनके काम पर ध्यान दें और एक्टिंग पर फोकस करें।

कुशाल टंडन को टीवी पर वापसी करने के लिए ऐसी लव स्टोरी की जरूरत थी, जो 'बेहद' से भी बेहतर हो। इस वजह से उन्होंने कई साल इंतजार किया। अब वह 'बरसातें मौसम प्यार का' में शिवांगी जोशी के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। कुशाल कहते हैं कि मुझे मेल से नहीं बल्कि अपनी फीमेल फैन से मतलब है। मुझे ये कहने में कोई गुरेज भी नहीं है। 'मिर्जापुर' जैसी वेब सीरीज करने की चाहत रखने वाले कुशाल की तमन्ना है कि वह कोई ऐसा किरदार निभाएं, जिसमें उनके लुक्स की बजाए उनकी ऐक्टिंग को फोकस में रखा जाए।

**टेलीविजन में नहीं लेकिन दूसरी चीजों में सक्रिय था**

मैं टीवी पर काफी समय बाद आ रहा हूं लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि मैं ऐक्टिंग लाइन में सक्रिय नहीं था। मैंने जब टीवी नहीं किया तो तीन वेब सीरीज कीं। फिर उसके बाद कोविड आ गया। मुझे लगता था कि टीवी पर 'बेहद' के बाद कोई अच्छी लव स्टोरी आएगी तो वापसी करूंगा। मुझे 'बरसातें मौसम प्यार का' की लव स्टोरी बहुत अच्छी लगी। मुझसे जो लोग अपेक्षाएं रखते हैं कि मैं किसी सास-बहू के ड्रामे वाले शो में नजर आऊंगा तो वो उम्मीद लगाना छोड़ दें क्योंकि मैं इन्हें बिल्कुल भी नहीं कर सकता। मुझे तो बस एक खूबसूरत लव स्टोरी का इंतजार था कि 'बेहद' से अच्छा क्या होगा और अब वो मुझे मिल गई है।

**किरदार जाने जाते हैं, मैं नहीं**

मैं मानता हूं कि मेरे किरदार फेमस होते हैं, मैं नहीं। अच्छी बात ये है कि मैं उन भूमिकाओं को बहुत सच्चाई से निभा लेता हूं। आप खुद देखिए तो आपको लगेगा कि मैंने उनमें अपना 100 प्रतिशत दिया है। ऐसा ही दर्शको को भी लगा इसीलिए उन्होंने मुझे इतना प्यार दिया। आप 'बरसातें...' में मेरा रेयांश का किरदार देखेंगे तो लगेगा कि मुझमें और मेरे किरदार में बहुत सी समानताएं हैं। उसके हाव-भाव और चाल-चलन बिल्कुल कुशाल से मिलते-जुलते हैं। एक बड़े न्यूज चैनल को चलाने वाला एटिट्यूड भी बिल्कुल मुझसे मेल खाता है। मैं वैसे भी थोड़ा अलग रहता हूं, कम बोलता हूं और जो कहना होता है तुरंत मुंह पर बोल देता हूं। ऐसा ही बिल्कुल मेरा किरदार भी है। मैंने टीवी या वेब सीरीज में जितने भी किरदार किए हैं, वो कहीं ना कहीं मुझसे मिलते-जुलते रहे हैं इसलिए उनको लेकर ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। 'बरसातें...' की बात करें तो मुझे इसके लिए भी कोई खास तैयारी नहीं करनी पड़ी। मैं अपने मीडिया के दोस्तों से मिला। उनके हाव-भाव देखे। किरदार को लेकर ढेर सारी रिसर्च की और किरदार तैयार हो गया।

**जितने माध्यम होंगे, उतने ही ज्यादा मौके मिलेंगे**

ओटीटी के सवाल पर कुशाल कहते हैं कि जितने ज्यादा माध्यम होंगे, उतने ही ज्यादा लोगों को मौके मिलेंगे। हम जैसे कलाकारों को छोड़ भी दीजिए लेकिन जो नए एक्टर बड़े-बड़े सपने लेकर मुंबई आते हैं, उनके लिए ये बहुत बेहतर है। फिल्म, टीवी के बाद ओटीटी आने से काम की कमी पड़ती नहीं दिखती है। पिछले कुछ साल से ढेर सारी फिल्में, वेब सीरीज बन रही हैं। कुछ तो अपनी सीरीज यूट्यूब पर ही लॉन्च कर देते हैं। वो भी एक जरिया है। अगर कहीं ना मौका मिले और आपमें टैलंट हो तो

फॉलोअर्स बढ़ा लें। पता नहीं कितने यूट्यूब, टिकटॉक और इंस्टाग्राम के सितारे अब ऐक्टिंग इंडस्ट्री में आ गए हैं। जितने भी नए मीडियम आए हैं, उनका मकसद बस ऑडियंस तक पहुंचना है। ऐसे में जितने ज्यादा मीडियम होंगे, उतने ही ज्यादा कलाकारों को मौके मिलेंगे।

**टीवी में ज्यादातर शो महिलाओं को ध्यान में रखकर बनते हैं**

मैं किसी भी नए प्रोजेक्ट को चुनते समय किरदार और स्क्रिप्ट दोनों बड़े ध्यान से देखता हूं। हालांकि, मैं अपने किरदार को पहले प्राथमिकता देता हूं कि वह कितना मजबूत है। अगर स्क्रिप्ट अच्छी है और मेरा किरदार नहीं तो मैं उसे क्यों चुनूंगा। खासकर, टीवी में तो ये देखना ही पड़ता है। दरअसल, टीवी वुमन ओरिएंटेड ज्यादा है। इनमें महिलाओं को ध्यान में रखकर ही शो ज्यादा बनाए जाते हैं। बहुत कम शो ऐसे बनते हैं, जो मेल ओरिएंटेड हों। हां, ये अलग बात है कि कोई बहुत बड़े डायेरक्टर की फिल्म या सीरीज आ जाए और उसमें होने भर से ही मैं अपनी रीच बढ़ा लूं तो मैं जरूर करूंगा।

**'मिर्जापुर' जैसी वेब सीरीज करने की चाहत**

मैं कई साल से ऐसे किरदार निभा रहा हूं, जो कहीं न कहीं मेरे जैसे ही होते हैं। दरअसल, उनके हाव-भाव मुझसे मिलते हैं इसलिए मुझ पर सूट कर जाते हैं। अब मैं चाहता हूं कि ऐसी फिल्म या वेब सीरीज करूं, जिसमें मेरे लुक्स की बजाए मेरी ऐक्टिंग देखी जाए। मैं उत्तर प्रदेश के लखनऊ से हूं। मैं यूपीवाला टच या डाउन टु अर्थ किरदार करना चाहता हूं। आप कह सकते हैं 'मिर्जापुर' सीरीज के किरदारों की तरह। मैं ऐसी कहानी चाहता हूं, ताकि खुद को एक्सप्लोर कर सकूं। मेरे करने के लिए उसमें ढेर सारी चीजें हों। वहां मैं बिना बाल बनाए, बिना मेकअप किए हुए किरदार करूं। मुझे इस तरह की नेचुरल कहानी और किरदार चाहिए।

**कोई स्ट्रगल नहीं करना पड़ा**

कहने को ऐक्टिंग करियर में सबका एक स्ट्रगल होता है लेकिन मेरा कोई स्ट्रगल नहीं रहा। मैं 19 साल का था और दिल्ली में पढ़ाई कर रहा था, तब मैंने मिस्टर इंडिया का फॉर्म भर डाला और उसमें हिस्सा लेकर खिताब जीत लिया। इसके बाद मॉडलिंग में सीधे ए प्लस शो मिलने लगे। दो-तीन साल वो किया, फिर ऐक्टिंग सीखने अमेरिका चला गया। वहां से आया तो तुरंत शो मिलने लगे। ऊपरवाले का शुक्र है कि मुझे कोई ऐसा स्ट्रगल नहीं करना पड़ा, जिसको मैं याद रखूं। हां, बस ऐक्टिंग करियर की शुरुआत में मुझे डायलॉग याद करने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता था, लेकिन धीरे-धीरे मैं इसमें अभ्यस्त होता चला गया। अब तो डायलॉग तुरंत याद हो जाते हैं।

